## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कार कंटेनर में घुसी, पांच की मौत

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार अपरा]न हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक यातायात पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि स्विफ्ट डिजायर कार तेज गति से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर जा रही थी। माइलस्टोन-238 के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे कंटेनर ट्रक से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर डायल-112 और थाना कंधरापुर पुलिस मौके पर पहुंची।

### सत्यम वर्मा के खिलाफ एनएसए हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** नागरिक अधिकार संगठन 'जनहस्तक्षेप' ने नोएडा में मजदूर आंदोलन से जुड़ी हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार पत्रकार व लेखक सत्यम वर्मा और आंदोलनकारी आकृति चौधरी के खिलाफ एनएसए लगाए जाने को निराधार व गैरकानूनी बताते हुए उन पर लगाए गए आरोपों को वापस लिए जाने की मांग की है। जनहस्तक्षेप के संयोजक विकास वाजपेयी व सहसंयोजक अनिल दुबे ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि वर्मा और उनके सहयोगी राष्ट्रीय राजधानी के नोएडा और मानेसर जैसे औद्योगिक क्षेत्रों के मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी लागू करने, काम की निर्धारित अवधि तय किए जाने और उनके अन्य बुनियादी अधिकारों के लिए पिछले कुछ महीनों से आंदोलन चला रहे थे।

# अब गांव के बच्चों तक पहुंचेगी आधुनिक विज्ञान शिक्षा

■ सरकार ने प्रदेश के 38 जिलों के 9,356 विद्यालयों में साइंस किट उपलब्ध कराई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को आधुनिक और प्रयोग आधारित विज्ञान शिक्षा से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। प्रदेश के 38 जिलों के 9,356 विद्यालयों में साइंस किट उपलब्ध कराकर सरकार ने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षा मिल सके। इन साइंस किटों के माध्यम से अब सरकारी स्कूलों के छात्र केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि प्रयोग और गतिविधियों के जरिए विज्ञान को समझ सकेंगे।

सरकार का मानना है कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार क्षमता विकसित करने के लिए प्रयोग आधारित शिक्षण बेहद जरूरी है। प्रदेश के कई जिलों में बड़ी संख्या में साइंस किटें भेजी गई हैं। गोंडा में 370, शाहजहांपुर में 366, आगरा में 357, उन्नाव में 338, बुलंदशहर में 314 और अलीगढ़ में 301 साइंस किटों की आपूर्ति की गई है। वहीं लखीमपुर खीरी में 464 और सीतापुर में 469 साइंस किटें पहुंचाई गई हैं।



### गरीबों के इलाज में भरपूर मदद करेगी सरकार: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज में मदद की गुहार लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया कि उपचार कराने में सरकार भरपूर मदद करेगी और इसके लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मिले। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक जाकर उनकी समस्याओं को सुना।

# परीक्षा पर चर्चा नहीं, समीक्षा की है जरूरत: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार का शिक्षा तंत्र अक्षमता, राजनीतिक पक्षपात और भ्रष्टाचार से ग्रस्त है और समय 'परीक्षा पर चर्चा' नहीं बल्कि 'परीक्षा की समीक्षा' का है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि मोदी सरकार का शिक्षा तंत्र 'तीसरे दर्जे की औसत अकादमिक सोच रखने वाले लोगों' से भरा हुआ है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में खुद को बेहद अक्षम, राजनीतिक रूप से पक्षपाती और भ्रष्ट साबित किया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर हर महीने कोई न कोई नया संकट सामने आता है, जिनमें एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक विवाद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के कुलपतियों की नियुक्ति संबंधी मसौदा नियम, लगातार पेपर लीक, एनएएसी रिश्वतखोरी प्रकरण, आईसीएचआर घोटाला, समग्र शिक्षा निधि को कथित रूप से असंवैधानिक तरीके से रोकना, कई केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अनुपस्थित कुलपतियों की




■ शिक्षा तंत्र तीसरे दर्जे की औसत अकादमिक सोच रखने वाले लोगों से भरा हुआ: जयराम

■ पेपर लीक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का परिणाम, उन्हें इस्तीफा देना चाहिए: खड़गे

नियुक्ति और शिक्षकों के बड़े पैमाने पर रिक्त पद शामिल हैं। रमेश ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय की अक्षमता की बराबरी केवल शिक्षा मंत्री के अहंकार से हो सकती है। उनका कहना था कि जब मीडिया ने एनटीए को लेकर संसदीय स्थाई समिति की सिफारिशों पर अमल न करने के बारे में सवाल पूछा गया तो शिक्षा मंत्री ने समिति की रिपोर्ट को यह कहकर गंभीरता से लेने से इनकार कर दिया कि उसमें 'विपक्ष के सदस्य' शामिल हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि समिति के 30 सदस्यों में 17 सांसद भारतीय जनता पार्टी के ही हैं और समिति की सिफारिशों में के. राधाकृष्णन विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट की पुनर्पुष्टि भी शामिल है, जिसका हवाला स्वयं मंत्री देते हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय स्थाई समिति को स्वीकार करने से इनकार करना अपनी ही पार्टी के सांसदों तथा संसद की बहुदलीय परंपराओं को खारिज करने जैसा है। आज समय की मांग 'परीक्षा की समीक्षा' है और शिक्षा मंत्री इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त नहीं दिखते। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट परीक्षा के पेपर लीक होने और इस वजह से छात्रों की आत्महत्या की खबरों को लेकर मोदी सरकार पर हमला किया और कहा कि यह सब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का परिणाम है, इसलिए उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

## मौसम शुष्क बने रहने तथा तापमान में लगातार बढ़ोतरी के आसार

# उप्र में अगले पांच दिन रहेगा भीषण गर्मी का प्रकोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक मौसम शुष्क बने रहने तथा तापमान में लगातार बढ़ोतरी के आसार हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में 20 मई तक उष्ण लहर (लू) से लेकर अति उष्ण लहर चलने की चेता. वनी जारी की है।

मौसम केंद्र लखनऊ के अनुसार दक्षिणी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हालात गंभीर हो सकते हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के लखनऊ केंद्र द्वारा शनिवार को जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 16 से 19 मई तक पूरे प्रदेश में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा, जबकि 20 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 16 और 17 मई को पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्रों में कहीं-कहीं लू चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं 18 मई से स्थिति और गंभीर होने के संकेत हैं, जब प्रदेश के कई हिस्सों में व्यापक स्तर पर उष्ण लहर का प्रभाव देखने को मिलेगा। 19 और 20 मई को कई जिलों में लू से अति उष्ण लहर की स्थिति बनने की संभावना जताई गई है। आईएमडी के अनुसार 16 मई को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी समेत आसपास के क्षेत्रों में लू का प्रभाव अधिक रहेगा। 17 मई को इसका दायरा बढ़ते हुए प्रतापगढ़, जौनपुर, कानपुर नगर, रायबरेली, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा और औरैया तक पहुंच जाएगा। 18 मई से पूर्वांचल और बुंदेलखंड के साथ मध्य यूपी के बड़े हिस्से भी गर्मी की चपेट में आ जाएंगे। मौसम विभाग ने गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, उन्नाव, अमेठी, सुल्तानपुर, कन्नौज, ललितपुर और मैनपुरी सहित कई जिलों में भीषण गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम



■ मौसम विभाग की चेतावनी: पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कई जिलों में लू के थपेड़े करेंगे बेहाल

### आंधी-तूफान पीड़ितों की पूरी उदारता से मदद करे सरकार: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में हाल ही में आए भीषण आंधी-तूफान से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार से पूरी उदारता बरतने की मांग की है। साथ ही उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। सुश्री मायावती ने शनिवार को एक्स पर लिखा- यूपी के कई हिस्सों में जबरदस्त आंधी-तूफान से जान-माल की भारी तबाही हुई है। राज्य सरकार को पूरी उदारता के साथ हर प्रकार से पीड़ितों के सहयोग के लिए आगे आना चाहिए, ताकि वे लोग अपने उजड़े/बिखरे हुए पारिवारिक जीवन को समेट कर दोबारा से अपनी जिदगी शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल की कीमत में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि करोड़ों गरीबों, मेहनतकश परिवारों, खेती- किसानी के साथ-साथ मिडिल क्लास के जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करेगी।

# लेह में खुलेगा आईआईटी जम्मू का सैटेलाइट कैंपस: उपराज्यपाल

**लेह, वार्ता**

केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन ने आईआईटी, जम्मू के साथ लेह में 'सैटेलाइट कैंपस' स्थापित करने के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया है। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा की है।

उन्होंने इसे लद्दाख के युवाओं की आकांक्षाओं को नई उड़ान देने वाला कदम बताया है। उपराज्यपाल सक्सेना ने अपने पोस्ट में लिखा है कि यह कैंपस लद्दाख के युवाओं के लिए बड़े बदलाव का वादा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भौगोलिक चुनौतियों या शीर्ष तकनीकी संस्थानों तक पहुंच की कमी के कारण अब यहां के छात्रों के सपने अधूरे नहीं रहेंगे। इस पहल के माध्यम से लद्दाख के छात्रों को अपने ही घर में ही विश्व स्तरीय तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्राप्त होंगे। कैंपस की कार्ययोजना का विवरण देते हुए बताया कि इसकी शुरुआत दो आधुनिक विषयों सिविल इंजी. नियरिंग और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई)/डेटा साइंस के साथ की जाएगी। यह कैंपस छात्रों के लिए अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप और रोजगार के नए रास्ते खोलेगा। समझौता पत्र के अनुसार, आने वाले समय में कारगिल में एक पूर्ण आवासीय परिसर भी विक. सित किया जाएगा, जो 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74608.98
निफ्टी 23501.25

सोना 160977 प्रति 10 ग्राम
चांदी 287720 प्रति किलो

# अधिकारी ने मिथुन से की मुलाकात

**कोलकाता, वार्ता**

■ मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद अधिकारी और चक्रवर्ती के बीच यह पहली अलग से हुई बैठक थी

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी शनिवार को भारतीय जनता पार्टी नेता एवं अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के न्यू टाउन स्थित आवास पर पहुंचे और करीब एक घंटे तक उनके साथ बातचीत की। मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद अधिकारी और चक्रवर्ती के बीच यह पहली अलग से हुई बैठक थी।

बैठक के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने श्री चक्रवर्ती की तारीफ की और उन्हें पश्चिम बंगाल में भाजपा के उभार के मुख्य शिल्पकारों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि मिथुन दा ने न केवल राज्य में राजनीतिक बदलाव लाने में, बल्कि मुख्यमंत्री के तौर पर मुझे आगे बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई है। वह बंगाल में भाजपा की जीत के मुख्य शिल्पकारों में से एक हैं। पार्टी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया है और इसमें उनकी भी भूमिका रही है। पिछले छह सालों से उन्होंने राज्य में राजनीतिक बदलाव के लिए बिना थके और निस्वार्थ भाव से काम किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि श्री चक्रवर्ती ने पहले मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद उनसे मिलने की इच्छा जताई थी, लेकिन अधिकारी ने खुद जाकर इस दिग्गज अभिनेता- राजनेता से मिलने पर जोर दिया। अधिकारी ने कहा कि मैंने उनसे कहा कि आप क्यों आएंगे? आपके द्वारा बनाया गया मुख्यमंत्री खुद आपसे मिलने आएगा। अधिकारी की बातें सुनकर चक्रवर्ती काफी भावुक हो गए और उन्हें गले लगा लिया। अधिकारी ने कहा कि श्री चक्रवर्ती की लोकप्रियता भाजपा के समर्थकों से कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मैंने आठवीं कक्षा के बाद फिल्में देखना छोड़ दिया था, लेकिन मिथुन दा अलग हैं। वह महागुरु हैं। मैं उनका आशीर्वाद लेने आया था। वहीं चक्रवर्ती ने मुख्यमंत्री की जमकर तारीफ की और कहा कि पश्चिम बंगाल के लिए उनसे बेहतर मुख्यमंत्री कोई हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में उनसे बेहतर मुख्यमंत्री कोई हो ही नहीं सकता। मैं इसकी गारंटी दे सकता हूं। शपथ लेने के बाद से वह लगातार काम कर रहे हैं। हमें उन पर गर्व है और हम पूरी तरह से उनके साथ खड़े हैं।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों और खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ गेहूं 14 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विटंल पर रहा, आटे की कीमत कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही बनी रही

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव उतर गया। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम बढ़ गए जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 38 रुपये बढ़कर 3,829 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई।

गेहूं 14 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विटंल पर रहा। आटे की कीमत कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही बनी रही। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 63 रुपये और मसूर दाल की 34 रुपये प्रति क्विटंल फिसल गई। वहीं, मूंग दाल आठ रुपये और उड़द दाल चार रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव स्थिर रहा। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 103 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। सरसों तेल भी 22 रुपये सस्ता हुआ। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल 92 रुपये और सूरजमुखी तेल 40 रुपये महंगा हो गया। पाम ऑयल में 15 रुपये और वनस्पति में चार रुपये प्रति क्विंटल ऊपर बंद हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी की कीमत पांच रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7666.28 रुपये, मसूर काली 8080.32 रुपये, मूंग दाल 10185.98 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11199.44 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2772.87 रुपये और चावल 3829.05 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3256.12 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4327.36 रुपये और गुड़ 5068.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17862.07 रुपये, मूंगफली तेल 18853.49 रुपये, सूरजमुखी तेल 17516.98 रुपये, सोया तेल 14996.12 रुपये, पाम ऑयल 13496.02 रुपये और वनस्पति 15003.86 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# गृह मंत्रालय ने त्रिपुरा के लिए एक और आईआर बटालियन को मंजूरी दी

**अगरतला।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के लिए एक और भारतीय रिजर्व (आईआर) बटालियन के गठन को मंजूरी दे दी है, जिससे सुरक्षा बढ़ने के साथ ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मंत्रालय ने त्रिपुरा के मुख्य सचिव जेके सिन्हा को यह जानकारी दी। आधिका. रिक सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार नई बटालियन के लिए 50 करोड़ रुपये की एकमुश्त वित्तीय मदद देते हुए जमीन की लागत को छोड़कर बुनियादी ढांचे के खर्च के लिए 30 करोड़ रुपये तक की संभावित रीइंबर्समेंट भी देगी। उन्होंने बताया कि केंद्र का बटालियन पर पहला अधिकार होगा, जिससे जरूरत पड़ने पर देश में कहीं भी तैनाती की अनुमति मिलेगी और बटालियन को उग्रवाद विरोधी गतिविधियों, आंत. रिक सुरक्षा प्रबंधन और सीमा सुरक्षा जैसे काम दिए जा सकते हैं। राज्य सरकार केंद्र द्वारा किए गए तैनाती अनुरोध को मानने के लिए बाध्य है और दूसरे राज्यों में तैनाती के मामलों में उधार लेने वाला राज्य नियमित रूप से आनुपातिक खर्च उठाएगा, जब तक कि तैनाती केंद्र सरकार के निर्देश पर किसी छूट प्राप्त वाले राज्य में न हो। उन्होंने कहा कि आईआर बटालियन को शामिल करना त्रिपुरा के सुरक्षा ढांचे के लिए एक बड़ा कदम है, जो इस इलाके में लंबे समय तक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की क्षमताओं का आधुनिक. ीकरण करने और मजबूत करने पर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बेटियों की शिक्षा पूरे राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधारशिला: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है।

श्रीमती गुप्ता ने आज आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित मेधावी छात्राओं के सम्मान और निष्शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10वीं और 12वीं कक्षा पास करने वाली छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं, ताकि वे अपनी पढ़ाई आसानी, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास बेहद जरूरी हैं।



उन्होंने इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताते हुए आयोजकों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है। यह साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि छात्राओं के आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और सपनों को नई गति देने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। हर वर्ष लगभग 1.30 लाख छात्राएं कक्षा 9 में प्रवेश लेती हैं और साइकिल मिलने से वे कक्षा 9 से लेकर कॉलेज एवं कोी. चंग तक अपनी पढ़ाई के दौरान इसका उपयोग कर सकेंगी। गर्मियों की छुट्टी के बाद छात्राओं को साइकिल वितरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने आरके पुरम के विधायक अनिल शर्मा और रोटरी क्लब दिल्ली इंपीरियल की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की योजना लागू होने से पहले ही 500 से अधिक छात्राओं को साइकिल प्रदान कर उन्होंने समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने रोटरी क्लब सहित सभी सहयोगियों का विशेष आभार व्यक्त किया।

### अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान समारोह में योगी बढ़े मानदेय का करेंगे वितरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अंशकालिक अनुद. ेशकों के बढ़े मानदेय का वितरण करेंगे। प्रदेश सरकार कल पूरे राज्य में बढ़े हुए मानदेय वितरण और सम्मान समारोह का आयोजन कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम चार बजे लोकभवन सभागार में राज्यस्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इसकी शुरुआत करेंगे। मुख्य कार्यक्रम का सभी 75 जिलों में सीधा प्रसारण होगा। हर जिले में भी समानांतर भव्य आयोजन किए जाएंगे। इनमें प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और अन्य जनप्रतिनिधि-अधिकारी मौजूद रहेंगे। राज्यस्तरीय और जिला स्तरीय कार्यक्रमों के समापन पर जनप्रतिनिधि अंशकालिक अनुद. ेशकों को बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकात्मक चेक सौंपेंगे।

# 104 साल पुराने मंदिर से चोरी भगवान शनि की अष्टधातु प्रतिमा बरामद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में उत्तरी जिले के कोतवाली पुलिस थाना ने 104 साल पुराने श्री शिव नवग्रह मंदिर में हुई एक सनसनीखेज चोरी की गुत्थी को सुलझा लिया है और एक आदतन चोर के साथ एक रिसीवर को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई कीमती भगवान शनि देव की प्राचीन अष्टधातु प्रतिमा को बरामद कर लिया है। उत्तर जिला उपायुक्त राजा बंथिया के अनुसार चांदनी चौक स्थित मंदिर से भगवान शनि महाराज की प्राचीन प्रतिमा और अन्य पीतल की वस्तुओं की चोरी के संबंध में मंदिर के पुजारी मुकेश शर्मा ने 12 मई को शिकायत दर्ज कराई थी। बताया जाता है कि चोरी तड़के 3:00 बजे से 5:00 बजे के बीच हुई थी। कोतवाली पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। महा शनि जयंती से पहले मामले की संवे. दनशीलता को देखते हुए, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली शंकर बनर्जी की देखरेख में और निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने इलाके में लगे 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी निगरानी और स्थानीय जानकारी के आधार पर, आरोपी दिलशाद उर्फ बंता (45) को कलकट्टिया गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि वह यमुना बाजार इलाके में फुटपाथ पर रहता है और पहले भी चोरी और सेंधमारी के 15 मामलों में शामिल रहा है।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम :22°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 17 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 119 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 29 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आंधी-तूफान पीड़ितों की पूरी उदारता से मदद करे सरकार: मायावती पेज 2



डीसी की प्लेऑफ की उम्मीदों को सूर्यवंशी से खतरा खेल टाइम्स



चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने ट्रम्प को दी कड़ी चेतावनी पेज 11



विजय थलापति का नाम सुन शरमाई तृषा कृष्णन बॉलीवुड

# तीसरे व चौथे बच्चे के जन्म पर नकद पैसा देगी आंध्र सरकार

**श्रीकाकुलम, वार्ता**

**आंध्र प्रदेश** के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में तीसरे बच्चे के जन्म पर परिवार को 30 हजार रुपये और चौथे बच्चे के जन्म पर 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। नायडू श्रीकाकुलम जिले में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले वह जनसंख्या नियंत्रण के पक्ष में थे, लेकिन अब समय बदल गया है। अब जन्म दर बढ़ाने की जरूरत है। एक महीने के भीतर इसकी पूरी जानकारी जारी की जाएगी। इससे पहले आंध्र सरकार दूसरे बच्चे के जन्म पर 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव पर भी विचार कर चुकी है। 5 मार्च को मुख्यमंत्री ने विधानसभा में इसकी जानकारी दी थी। नायडू ने कहा कि बच्चों को बोझ नहीं, बल्कि देश की संपत्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। किसी भी समाज की जनसंख्या स्थिर रखने के लिए प्रति महिला औसतन 2.1 बच्चों की जन्म दर जरूरी होती है। उन्होंने दावा किया कि कई देशों में घटती आबादी और बुजुर्ग होती जनसंख्या से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अप्रैल 2025 में महिलाओं से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील भी की। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा था कि सरकारी महिला कर्मचारियों को बच्चों की संख्या चाहे जितनी हो, हर बच्चे पर 26




■ **राज्य में जन्म दर बढ़ाने की जरूरत, कम जनसंख्या से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा: सीएम चंद्रबाबू नायडू**

हफ्ते यानी 6 महीने की मातृत्व अवकाश मिलेगा। तब तक यह अवकाश सिर्फ पहले दो बच्चों तक सीमित था। दो से ज्यादा बच्चे होने पर 12 हफ्ते की छुट्टी मिलती थी। महिला दिवस के कार्यक्रम में नायडू ने कहा था कि यह फैसला जनसंख्या संतुलन बनाए रखने और महिलाओं को नौकरी व परिवार के बीच संतुलन बनाने में मदद करने के लिए लिया गया है। नायडू का कहना था कि दुनिया के कई देशों की तरह भारत में भी युवाओं की संख्या घट रही है और बुजुर्ग आबादी बढ़ रही है। इसी वजह से वे लंबे समय की जनसंख्या नीति पर जोर दे रहे हैं। नायडू के बयान को लोकसभा परिसीमन से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, केंद्र की भाजपा सरकार परिसीमन को लेकर बिल संसद में एक बार रख चुकी है। दक्षिणी राज्यों को डर है कि 46 साल से रुका हुआ परिसीमन जनसंख्या को आधार मानकर हुआ, तो लोकसभा में हिंदीभाषी राज्यों के मुकाबले उनकी सीटें घट जाएंगी। हालांकि यह बिल पास नहीं हो पाया था। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह ने भी संसद में बोलते हुए समझाया था कि परिसीमन से किसी राज्य को नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा की सीटें 543 से 850 कैसे होंगी। शाह ने कहा कि मैं समझाता हूं। मान लीजिए 100 सीटें हैं और 33 फीसदी महिलाओं के लिए आरक्षण देना है। यदि कुल सीटों में 50 फीसदी वृद्धि कर दी जाए, तो यह 150 हो जाती हैं। और जब 150 का 33 फीसदी आरक्षण लागू होता है, तो यह लगभग 100 सीटों के बराबर हो जाता है।' 'अभी लोकसभा में 543 सदस्य हैं। परिसीमन के बाद सीटों में 50 फीसदी वृद्धि की जाएगी और कुल संख्या 816 हो जाएगी। इसमें से 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। 850 एक राउंड फिगर है, वास्तविक संख्या 816 होगी।'

## संक्षिप्त समाचार

### चुनावी भाषण मामले में आजम खां को दो साल की सजा



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां को वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए विवादित बयान के मामले में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 2 वर्ष की सजा सुनाई है। अदालत ने उन पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। फैसले के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भोट क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा से जुड़ा है। आरोप है कि मोहम्मद आजम खां ने मंच से प्रशासनिक अधिकारियों, विशेषकर तत्कालीन जिलाधिकारी आंजनेय कुमार सिंह को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### पाक तय करे वो भूगोल का हिस्सा बनना चाहता है या इतिहास का: उपेंद्र

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को बहुत सख्त लहजे में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ साजिशें रचना जारी रखता है, तो उसे एक बड़ा फैसला लेना होगा। पाकिस्तान को यह तय करना होगा कि वह भविष्य में दुनिया के नक्शे (भूगोल) पर रहना चाहता है या सिर्फ इतिहास का हिस्सा बनकर रह जाना चाहता है। जनरल द्विवेदी ने यह बात नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान कही।

### डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या पर 558 करोड़ रुपये का इनाम

**तेहरान।** ईरानी मीडिया में दावा किया गया है कि ईरानी सरकार ट्रम्प की हत्या के बदले 50 मिलियन यूरो (करीब 558 करोड़) के इनाम का एक प्रस्ताव संसद में लाने की तैयारी कर रही है। ईरान वायर के अनुसार, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के चेयरमैन इब्राहिम अजीजी ने इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा काउंटर-एक्शन नाम की योजना का मसौदा तैयार किए जाने की घोषणा की है। ए टारगेट किया जाना चाहिए।

### केंद्रीय मंत्री के बेटे की बढ़ी मुश्किलें

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे बंदी भगीरथ की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। पोक्सो मामले में घिरे भगीरथ के खिलाफ साइबराबाद पुलिस ने लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी कर दिया है। पुलिस ने यह कदम उनके देश छोड़कर भागने की आशंका के चलते उठाया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी भगीरथ को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस मामले में बंदी भगीरथ को तेलंगाना हाईकोर्ट से भी बड़ा झटका लगा है।

# अब चांदी के आयात पर लाइसेंस लेना जरूरी

## आयात पर प्रतिबंध का उद्देश्य विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सरकार ने चांदी के आयात से जुड़े नियम तत्काल प्रभाव से कड़े कर दिए हैं। यह कदम कीमती धातुओं पर सीमा शुल्क बढ़ाने के कुछ ही दिनों बाद उठाया गया है। इस फैसले से घरेलू बाजार और व्यापार संतुलन पर असर पड़ने की उम्मीद है। सरकार ने चांदी के आ यात को फ्री केटिगरी से प्रतिबंधित केटिगरी में डाल दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के चलते चांदी पर आयात में प्रतिबंध का मकसद विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना माना जा रहा है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी। चांदी की आयात नीति को मुक्त से प्रतिबंधित श्रेणी में संशोधित किया गया है। इसमें सोने और प्लैटिनम से चढ़ी चांदी भी शामिल है। प्रतिबंधित श्रेणी के तहत आने वाले सामानों के आयात के लिए अब सरकार से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार ने 13 मई को कीमती धातुओं पर आयात शुल्क में बड़ी वृद्धि की थी। आयात शुल्क छह फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया था। यह लगातार दूसरा बड़ा कदम है, जो कीमती धातुओं के आयात को प्रभावित करेगा। इन कदमों से देश में चांदी के व्यापार पर सीधा असर पड़ेगा। सरकार ने चांदी के आयात को लेकर अपनी नीति में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। पहले चांदी का आयात मुक्त श्रेणी में आता था, जिसका अर्थ था कि इसे आसानी से आयात किया जा सकता था। अब इसे प्रतिबंधित श्रेणी में डाल दिया गया है। इस बदलाव का मतलब है कि आयातकों को अब चांदी मंगाने के लिए सरकारी अनुमति लेनी होगी। यह प्रक्रिया आयात को और अधिक नियंत्रित और जटिल बना देगी। चांदी पर प्रतिबंध लगाने से पहले, सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ाया था। 13 मई को यह शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया था। यह वृद्धि सोने और अन्य कीमती धातुओं पर भी लागू हुई थी। इन दोनों कदमों से देश में कीमती धातुओं का आयात महंगा हो जाएगा। यह सरकार का एक और महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय है।



■ **कीमती धातुओं पर शुल्क बढ़ाने के बाद फैसला**
■ **13 मई को चांदी के आयात पर 6% शुल्क को बढ़ाकर किया था 15%**

# ये दुनिया के लिए आपदाओं का दशक: मोदी

■ **पहले कोरोना, फिर युद्ध, अब ऊर्जा संकट, हालात नहीं बदले, तो गरीबी के दलदल में फंसेंगे**

**द हेग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे पर हैं। उन्होंने द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताई। मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। ये दशक आपदाओं का दशक बन गया है।

दुनिया पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब ऊर्जा संकट से जूझ रही है। अगर हालात नहीं बदले तो बीते कई दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा और दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीबी के दलदल में फंस जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे के दौरान वहां रहने वाला सूरीनामी- हिंदुस्तानी समुदाय खास चर्चा में रहा। यह समुदाय उन भारतीयों के परिवारों से जुड़ा है, जिन्हें करीब 153 साल पहले बिहार, उत्तर प्रदेश और बंगाल से काम के लिए सूरीनाम भेजा गया था। बाद में इनमें से कई लोग नीदरलैंड आकर बस गए। आज भी यह समुदाय अपनी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संभालकर रखे हुए है। हेग शहर में रहने वाले लोग अब भी भोजपुरी और अवधी से जुड़ी सरनामी भाषा बोलते हैं। यहां भारतीय संगीत, भजन और भोजपुरी गीत काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में भी लोगों ने कथक, गरबा और भोजपुरी गीत पेश किए। करीब दो लाख सूरीनामी- हिंदुस्तानी लोग आज नीदरलैंड में रहते हैं। उन्हें यूरोप में भारतीय मूल का सबसे पुराना बड़ा समुदाय माना जाता है। नीदरलैंड का राज परिवार यूरोप के सबसे पुराने शाही परिवारों में से एक माना जाता है। इसे हाउस ऑफ ऑरेंज-नासाउ कहा जाता है। नीदरलैंड के मौजूदा राजा विलेम-अलेक्जेंडर हैं।

### मोदी पेपर लीक मामले में धर्मेंद्र प्रधान को हटाएं या जवाबदेही लें : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने की मांग करते हुए कहा है कि यदि उन्हें नहीं हटाया जाता है, तो श्री मोदी को स्वयं इसकी जवाबदेही लेनी चाहिए। राहुल गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण 22 लाख बच्चों के साथ धोखा हुआ है, लेकिन श्री मोदी एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी को अभी हटाइए या जवाबदेही खुद लीजिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पेपरलीक की घटना से देश के 22 लाख विद्यार्थियों की दो वर्ष की मेहनत बर्बाद हो गई और पूरा देश जानता है कि नीट परीक्षा से पहले व्हाट्सएप पर प्रश्नपत्र बांटा जा रहा था।

## 182 करोड़ की 'जिहादी ड्रग' कैप्टागॉन जब्त

■ **देश में पहली बार इस प्रकार की खतरनाक ड्रग पकड़ी गई: शाह**

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अंतर्राष्ट्रीय सिंथेटिक ड्रग तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए 'ऑपरेशन रेजपिल' के तहत 'जिहादी ड्रग' कैप्टागॉन की तस्करी में शामिल एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर 227.7 किलो कैप्टागॉन जब्त की है, जिसकी बाजार में कीमत 182 करोड़ रुपये है।

यह पहला मौका है जब देश में इस तरह की खतरनाक ड्रग पकड़ी गई है। इस मामले में सीरिया के एक नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 'नशा-मुक्त भारत' के लिए संकल्पित है।

## नीट पेपर लीक मामले में एक और गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा के जीव विज्ञान के प्रश्न लीक मामले में शामिल एक और मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने गहन पूछताछ के बाद एक अन्य मुख्य आरोपी पुणे (महाराष्ट्र) की वरिष्ठ वनस्पति विज्ञान शिक्षिका मनीषा गुरुनाथ मंधारे को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया है। वह नीट-यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं।

## कॉकरोच वाले बयान पर सीजेआई ने दी सफाई

■ **मैंने फर्जी डिग्रीधारी वालों की आलोचना की थी: सूर्यकांत**

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी।

उन्होंने कहा कि मीडिया के एक वर्ग ने मेरी टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि चीफ जस्टिस ने 15 मई को एक मामले की सुनवाई करते हुए देश के बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच और परजीवियों से की थी।

# भारत में सूखा व भीषण गर्मी पड़ने की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत में इस साल सामान्य से कम बारिश के अनुमान के बीच सुपर अल-नीनो भी एक्टिव हो सकता है। अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओशेनिक एंड एटमास्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (नोआ) के अनुसार यह मई-जुलाई के दौरान ही दस्तक दे सकता है।

नोआ ने बताया कि प्रशांत महासागर का तापमान इस बार मई में सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह गर्मी की स्थिति इस बार पूरे मानसून सीजन के दौरान बनी रह सकती है। पिछले महीने जारी अनुमान में यह संभावना 61 फीसदी थी, जो अब बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई है। भारतीय मौसम विभाग के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि इसका सीधा असर मानसून की बारिश पर पड़ेगा। इससे देश में सूखे का खतरा और ज्यादा बढ़ जाएगा। अल नीनो के कारण समुद्र का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है, जिसके साथ हवा के पैटर्न में भी बदलाव आता है। इसके असर से दुनियाभर में बारिश का चक्र बिगड़ जाता है। कहीं भयंकर सूखा, तो कहीं मूसलाधार बारिश और बाढ़ आती है। सीधे शब्दों में कहें तो जब अल-नीनो एक्टिव होगा, तब प्रशांत महासागर से भारत की तरफ आने वाली मानसूनी हवाओं को रोक देगा। इससे बारिश पर असर पड़ेगा।

■ **सुपर अल नीनो के मई-जुलाई से सर्दियों तक जारी रहने के आसार**

### 19 से अधिक राज्यों में आंधी-तूफान व बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के 19 से अधिक राज्यों में आंधी-तूफान और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है जबकि बिहार और अंडमान में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं चलने की चेतावनी दी है। दिल्ली में अधिकतम तापमान में लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि और न्यूनतम तापमान में 1.2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली में अधिकतम तापमान 40.41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.25 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि मानसून आज दक्षिण-पूर्वी अरब सागर, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व हिस्सों, अंडमान सागर के अधिकांश क्षेत्रों, संपूर्ण निकोबार द्वीप समूह और श्री विजयपुरम सहित अंडमान द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर गया है।




CMYK

# करंट लगने से युवक की मौत

## मकान का लिंटर डालते समय हुआ दर्दनाक हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुक्रताल में देर रात मकान का लिंटर डालने का कार्य कर रहे है भोकरहेड़ी निवासी युवक को तेज करंट का झटका लग गया। जिसके बाद उसे भोपा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला हरिजन चौक निवासी युवक विपिन पुत्र ओमपाल 18 वर्ष शुक्रवार की देर शाम 9:30 के लगभग शुक्रताल में जन्श्वर सैनी के मकान में लिंटर डालने का कार्य करने गया था। जहां उसको विद्युत करंट लग गया। विपिन को गम्भीर हालत में भोपा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। विपिन के परिवार में पिता ओमपाल तथा शादीशुदा भाई राजेश व राकेश तथा अविवाहित बहन रेशमा, पूजा, आरती, भाई अक्षय तथा शिवानी है। मृतक परिवार में सबसे छोटा था।विपिन की माता संतोष की बीते वर्ष कैंसर की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। विपिन की मौत से मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है। जिला पंचायत सदस्य पति व आसपा नेता संजय रवि,आसपा नेता अंकुर गंगवालिया, बबलू कुमार,संजय एडवोकेट, ,बलधारी, हरेंद्र, अमर सिंह,मिन्टू,मनोज, शीशराम, भूपेंद्र एडवोकेट आदि ने अपनी शोक संवेदना प्रकट की है। माता के तेरे भाई रणवीर ने बताया कि अंकित मजदूरी का कार्य करता था शुक्रवार को वह गांव छपार में भी लिंटर डालने का कार्य करने गया था। इसके बाद शाम के समय वह घर लौटा तथा देर शाम पुनः शुक्रताल में जन्श्वर सैनी के मकान का लिंटर डालने का कार्य करने चला गया था। परिजनों ने मकान मालिक व लेबर ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।



मोरना: भोकरहेड़ी में युवक की मौत पर विलाप करती परिवार व गांव की महिलाएं।

# सीएमएस-स्टाफ स्कूटी व साईकिल से पहुंचे अस्पताल

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावुक अपील का हुआ व्यापक असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेट्रोल और डीजल की बचत को लेकर भावुक अपील का असर अन्य विभागों की तरह सरकारी अस्पताल पर भी देखने को मिल रहा है। जनपद मुजफ्फरनगर के स्वामी कल्याण देव जिला चिकित्सालय के डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों ने एक बडी पहल की है। शनिवार को जिला अस्पताल का नजारा अलग ही देखने को मिला जो अधिकारी और अस्पतालका स्टाफ बडी-बडी कारों और अन्य वाहनों से जिला अस्पताल में आते थे वह शनिवार को साईकिल और इलेक्ट्रॉनिक वाहनों पर आते दिखाई दिए। इतना ही नहीं जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉक्टर संजय कुमार वर्मा ने भी एक बडी मिशाल पेश करते हुए उन्होने अपनी कार छोडी और वह इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी से अपनी ड्यूटी पर अस्पताल पहुंचे। उनके साथ डेंटल हाइजीनिस्ट संजीव लांबा भी सवार थे। इसी के साथ जिला अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट अनिल कुमार और हारून ने भी पर्यावरण और सेहत का संदेश देते हुए वह अपने-अपने निवास से ड्यूटी पर साईकिल द्वारा अस्पताल पहुंचे। इसके अलावा सरकारी अस्पताल के कर्मचारी भी साईकिल पर आते दिखाई दिये जिससे अंदाजा लगाया गया कि प्रधानमंत्री की इस





अपील का असर अधिकारियों के साथ-साथ यहां के स्टाफ व सुरक्षाकर्मियों पर भी हुआ है। **मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संजय कुमार वर्मा का कहना है कि संकट के साथ देश के साथ खडा होना हमारा कर्तव्य है।**

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील केसाथ हमने देशहित में यह कदम उठाया है जिससे पेट्रोल-डीजल की बचत ही नहीं बल्कि उनका पैसा भी बचेगा। उन्होने कहा कि ऐसे संकट में सभी को देश के साथ खडा होना चाहिए। उन्होने जिला अस्पताल के स्टाफ से भी सहयोग करने की अपील की है। **अनिल कुमार चीफ फार्मासिस्ट** का कहना है कि उन्होने और उनके स्टाफ ने यह बीड़ा उठाया है और अन्य साथियों से भी उन्होने अपील की है कि घर से ड्यूटी पर व अन्य कार्यो के लिए साईकिल या फिर इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का इस्तेमाल करे। अनिल ने पैदल चलने के लिए भी अपील की है। संजीव लांबा ने भी कहा कि सभी लोग इलैक्ट्रॉनिक वाहन या साईकिल नहीं है तो वह किसी के साथ भी आ-जा सकते है जिससे देश के ईंधन की बचत हो सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी और यहां मौजूद अस्पताल के स्टाफ ने भी इलेक्ट्रॉनिक वाहन और साईकिल से सफर करने का संकल्प लिया है। इस दौरान अस्पताल के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन से युवक की मौत

**छपार।** हाइवे पर रात्रि में एक-एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। हाइवे पर छपार पेट्रोल पंप के सामने कट पर शुक्रवार की रात्रि में करीब 11 बजे अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने 35 वर्षीय घायल को उपचार के लिए एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है।

**सूचना**

मैं दिनांक 15.05.2026 को अपने पिता जी के कोर्ट परिसर स्थित चैम्बर पर जा रही थी, उसी दौरान रास्ते में मेरा एक लिफाफा कहीं गुम हो गया, जिसमें मेरी बैचलर आफ टेक्नोलॉजी (B.Tech) की मूल डिग्री रखी हुई थी। उक्त डिग्री Jaypee Institute of Information Technology NOIDA द्वारा जारी की गई थी। डिग्री पर Enrollment No-15102110 अंकित है तथा डिग्री जारी होने की तिथि 06.08.2019 है। मैंने उक्त लिफाफे को काफी खोजने का प्रयास किया, परन्तु अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका। जिसकी सूचना मैने सिविल लाईन पुलिस को दे दी है।

**विन्नी मलिक पुत्री श्री ब्रिजेंद्र सिंह मलिक. एडवोकेट, निवासी 534 उत्तरी सिविल लाइन्स, साकेत रोड, मुजफ्फरनगर**

**नोटिस प्रकाशन सूचना** न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर निगरानी संख्या 394/2024 धारा 210 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 ग्राम मखियाली परगना व तहसील जिला मुजफ्फरनगर श्रीमती शिवकुमारी बनाम भोपाल सिंह नोटिस बनाम 1- श्रीमती शिवकुमारी पत्नी कुशलपाल निवासी ग्राम मखियाली परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर ....**अपीलार्थी** प्रस्तुत निगरानी श्रीमती शिवकुमारी पत्नी कुशलपाल निवासी ग्राम मखियाली परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर की ओर से 1 भोपाल सिंह, 2- कुशलपाल, 3- राजपाल पुत्रगण नैन सिंह, 4- राजू पुत्र ब्रजपाल निवासीगण ग्राम मखियाली परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर को पक्षकार बनाते हुए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम सदर मुजफ्फरनगर द्वारा वाद संख्या आर.एस.टी 640/2023 कम्प्यूटरीकृत डी 202309550000640 भोपाल बनाम शिवकुमारी आदि, अन्तर्गत धारा 176 उ. प्र. ज.वि. अधिनियम में पारित आदेश दिनांक 06.02.2024 के विरुद्ध निगरानी योजित हुई है, जिसमें आपको भी प्रक्षकार बनाया गया है तथा इस निगरानी में गजट प्रकाशन की प्रति दाखिल करने हेतु दिनांक 29-05-2026 नियत है। अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनाक 29.05.2026 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित निगरानी की पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे। दिनांक 24.04.2026

**आज्ञा से अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर**

# बीएसए कार्यालय के प्रधान लिपिक धरने पर बैठे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रधान लिपिक (बड़े बाबू) और उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अशोक मलिक बीएसए पर गंभीर आरोप लगा रहे है और इन्ही आरोपों के साथ वह धरने पर बैठ गए। विभाग के कर्मचारी अशोक मलिक ने अपने अधिकारी पर ताना शाही, उत्पीडन और पद का दुरूपयोग करने जैसे गंभीर आरोप लगाए है। धरने पर बैठे प्रधान लिपिक का यह भी आरोप है कि उनके विभाग के अधिकारी ने पूरी तरह दुर्भावना ग्रस्त होकर गत वर्ष से उनका वेतन रोक रखा है। उन्होने अपने ही विभाग पर एक ओर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके विभाग के अधिकारी का जून माह 2025 में स्थनांतरण हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद भी वह अपने पद पर है। धरने पर बैठे कर्मचारी ने यह भी आरोप लगाया कि उनका तबादला विकास खण्ड कार्यालय में हुआ था और नियम के मुताबिक इसका अधिकार उनके पास नहीं, लेकिन इसके बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। धरने पर बैठे कर्मचारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के सचिव ने मामले का संज्ञान लिया और कार्यवाही करते हुए अक्टूबर 2025 को ही बीएसए द्वारा कि गए तबादला को निरस्त कर दिया गया था, लेकिन उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद भी मुजफ्फरनगर के अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे है। पीड़ित अशोक ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले वर्ष से उन्हे कोई वेतन नहीं दिया गया। और न ही उनकी हाजिरी लगाई जा रही है। और एक आरोप लगाते हुए कहा कि उनके सरकारी कक्ष का ताला जबरन तुडवाया गया और अपना ताला लगा दिया गया अब उन्हे दफ्तर में बेगानों की तरह रहना पड़ रहा है। पीड़ित ने कहा कि वह इस न्याय संगत के लिए अपनी लड़ाई लडते रहेगे। धरने पर बैठे पीड़ित ने मांग रखी कि उनका रूका हुआ वेतन बहाल किया जाए और सम्मानजनक तरीके से उनकी हाजिरी लगाई जाए। सरकारी शासनादेश के अनुसार उनके विभाग के अधिकारी पन्द्रह दिन में जिले के सभी मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक करे ताकि समस्याओं का हल हो सके।

## स्कूल वैन से बाइक सवार युवक दूर जाकर गिरा

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के निकट एक दुर्घटना हुई जिसमें स्कूल वैन और बाइक सवार की भिड़ंत हो गई। जिसमें कई लोग घायल हुए यह घटना पूरी तरह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी कैमरे में साफ दिखाई पड रहा है कि तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारी। कुछ लोगों का कहना था कि वैन चालक नाबालिग है। शनिवार को कस्बा क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप के निकट स्कूल वैन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। स्कूल वैन पास के ही स्कूल की थी और घटना के समय वैन की रफ्तार तेज बताई गई है जहां टक्कर लगने से बाइक सवार दूर जाकर गिरा।

सिविल जज सीनियर डिवीजन मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)
समन वास्ते करार वाद उमर तनकी तलब
(आदेश 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।**
मूलवाद सं0-817 सन 2025
कमलेश **बनाम** सिद्धार्थ बोधी आदि

1. श्रीमति कमलेश पत्नि रामधन बोधी निवासी नारायणपुरम् फेस-2 निकट शहीद स्मारक रामपुर तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। .........**वादीगण**

**बनाम**

1. सिद्धार्थ बोधी पुत्र रामधन बोधी 2.श्रीमति सुषमा पत्नि सिद्धार्थ बोधी **निवासीगण** नारायणपुरम् फेस-2 निकट शहीद स्मारक रामपुर तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। .....**प्रतिवादीगण**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद वादी ने आपके विरूद्ध बाबत माननीय 10.00 न्यायालय में योजित किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक **21 मई सन् 2026** को प्रात: 10:00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई से वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्ताल्लिका मुकदमा / वाद का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा कर और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर तारीख आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा/वाद बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा।

बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 08 अप्रैल सन् 2026 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री **रिया चौधरी** मेरे कहने-सुनने में नहीं है। **रिया चौधरी** को मैं अपनी चल- अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में **रिया चौधरी** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**राजकुमार पुत्र रामचन्द्र सिंह**
नि0 लालबाग गांधी कॉलोनी, थाना नई मन्डी, जिला मुजफ्फरनगर।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम **SHAKEELA** से बदलकर **AKILA** रख लिया है। भविष्य में मुझे **AKILA** के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**AKILA** W/O
SHAFEEQ AHMAD,
HOUSE NO. 121, VILLAGE
SISONA, POST RAMPUR,
MUZAFFAR NAGAR,
UTTAR PRADESH.

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम **SHAHIN** से बदलकर **SHAHINA PRAVEEN** रख लिया है। भविष्य में मुझे **SHAHINA PRAVEEN** के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**SHAHINA PRAVEEN**
W/O IRFAN ALI
HOUSE NO. 121, VILLAGE
SISONA, POST RAMPUR,
MUZAFFAR NAGAR,
UTTAR PRADESH.

**सूचना**

मेरा पुत्र कैलाश उर्फ बिल्लू व उसकी पत्नी मालती व सोनू मित्रोलीया व उसकी पत्नी कशिश मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गये है। इसलिए मैने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होगे।

**तेजपाल पुत्र आशाराम**
**निवासी-134 भटवाडा**
**दक्षिणी पपढोली बुढाना,**
**थाना बुढाना**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र कुलदीप जिसकी उम्र 24 वर्ष है वह मेरे कहने सुनने में नही रहा। कुलदीप की शादी श्रीमति तन्नु से हुई है तथा कुलदीप, तन्नु के साथ विवाद रखता है। कुलदीप गलत संगत में बैठने लगा है। इसी कारण मैने व उसकी पत्नी तन्नु व अन्य बच्चों से कुलदीप का मतलब वास्ता नही रहा। मैने अपने बेटे कुलदीप को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अगर कुलदीप किसी व्यक्ति से कोई लेन-देन या कोई व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरी पत्नी व दूसरे बच्चों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**राजपाल पुत्र रामचन्द**
**निवासी ग्राम मिर्जाटिल्ला**
**थाना सिखेडा**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या- 4307/16.04.2022 में नियमो की जानकारी न होने के कारण मेरे पुत्र का नाम दर्ज नहीं हो पाया था। मेरे पुत्र का नाम श्रेयांश है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अक्षय कुमार**
**पता- 403, रामलीला टिल्ला-7**
**मुजफ्फरनगर- 251002**
**मोबाइल- 8439388278**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा नाम प्रियांशु राणा पुत्र मनोज सिंह है। मैं सुभारती यूनिवर्सिटी का बी.ए. का छात्र हूं। मेरी बी.ए. की माइग्रेशन (Enrollment No- W 1020563722, Batch 2018 - 2021) कहीं खो गई है। यदि किसी भी सज्जन को मिले तो कृपया वह नीचे लिखे मोबाइल नंबर 7895772084 पर संपर्क करे। अगर कोई भी व्यक्ति भविष्य में इसका दुरुपयोग करता है तो इसके दुरुपयोग की जिम्मेदारी उसी व्यक्ति की होगी। मेरी कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।

**प्रार्थी: प्रियांशु राणा**
**पुत्र मनोज सिंह,**
**निवासी गांव कुरथल,**
**बुढ़ाना, जनपद मुजफ्फरनगर।**

# मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के तीन सदस्यों को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया है जो भोले भाले लोगों के एटीमए बदलकर उनके खाते से नगदी निकालते थे। बदमाशों के कब्जे से 63 एटीएम अवैध असलाह, कार व मोबाइल बरामद हुए है। पुलिस ने लिखापढी करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सिटी अमृत जैन, सीओ ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पन्द्रह मई को विनित कुमार पुत्र सोमपाल चौहान निवासी शामली ने कोतवाली पुलिस को एक तहरीर दी थी और बताया था कि बैंक ऑफ बडौदा के एटीएम से पैसे निकालने गया था इसी बीच अज्ञात युवक ने धोखे से उनका एटीएम बदल लिया और हजारों की नगदी निकाल ली।

पुलिस ने इस मामले को दर्ज किया और कार्यवाही शुरू की और पानीपत खटीम मार्ग पर चैकिंग के दौरान पुलिस व बदमाशों की मुठभेड़ हो गई जहां बदमाशों के बाद घेराबंदी के लिए की गई जवाबी फायरिंग में गुलशन कुमार पुत्र राम खुग्गर निवासी रामगढ़ घायल हो गया, जबकि मयंक पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम धुधली चरथावल और जतिन शर्मा पुत्र रमेश शर्मा निवासी जनपद जिंद हरियाणा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से 63 एटीएम कार्ड जिनमें पीड़ित का भी बरामद किया गया, तीन मोबाइल, अवैध असलाह, स्विफ्ट कार और हजारों की नगदी बरामद की। एसपी सिटी ने बताया कि इनका एक संगठित गिरोह है जो एटीमए बदलकर भोले भाले लोगों का खाते से पैसे निकालता है। यह गिरोह 35-40 घटनाएं कर चुका है।

# सर्विसेज क्लब के चुनाव में सरीन गुट ने बाजी मारी

## सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का हुआ ऐलान, शेष नामांकन पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सर्विसेज क्लब के चुनाव में अशोक सरीन गुट का दबदबा रहा है। क्लब के चुनाव के लिए पदाधिकारी व सदस्यता पद के लिए काफी लोगों ने अपना नामांकरण पत्र भरा था और सदस्यों की बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के नाम का ऐलान किया गया।

इनमें सुनील कुमार सिंघल को उपाध्यक्ष, विजय वर्मा सचिव, अशीष सरीन कोषाध्यक्ष, इसी क्रम में हिमांशु महेश्वरी सदस्य, मनु गुप्ता, अतुल जैन कार्यकारिणी सदस्य टेनिस, डॉक्टर देवेन्द्र सिंह मलिक कार्यकारिणी सदस्य, अमित मित्तल, अजय स्वरूप, डॉक्टर दीपक गोयल व ग्रीस अग्रवाल को निविरोध चुना। इसके अलावा नामांकन पत्र वापस कर लिए गए। सर्विसेज क्लब में जिलाधिकारी पदेन अध्यक्ष एव एडीएम ज्वाइनिंग सेकेटरी है।



# फर्जी निस्तारण पर सभासदों का हंगामा

## सड़क खुदाई के बाद मरम्मत न कराने का आरोप, मंडलायुक्त ने मांगी एक सप्ताह में रिपोर्ट

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील खतौली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई। दो सभासदों ने अधिकारियों के सामने शिकायतों के फर्जी निस्तारण का आरोप लगाते हुए नगर पालिका के निर्माण विभाग पर गंभीर लाप. रवाही का आरोप लगाया।

वार्ड संख्या-13 की सभासद प्राची वर्मा और वार्ड संख्या-5 के सभासद अमित कुमार ने संयुक्त रूप से मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार और जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा को शिकायती पत्र



सौंपा। उन्होंने बताया कि 2 मई 2026 को आयोजित तहसील दिवस में नगर पालिका द्वारा पाइपलाइन मरम्मत के बाद सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। सभासदों के अनुसार नगर पालिका ने पाइपलाइन ठीक करने के लिए कई स्थानों पर सड़कें खोदी थीं, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद गड्ढों को ठीक से नहीं भरा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौके पर कोई निर्माण कार्य कराए बिना ही शिकायत को कागजों और ऑनलाइन पोर्टल पर निस्तारित दिखा दिया गया। समाधान दिवस में मौजूद मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार और जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। अधिका. रियों को एक सप्ताह के भीतर जांच पूरी कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने और समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए।

# डग्गामार कर रहे नियमों का खुला उल्लंघन

सुनील वर्मा

**शामली।** कैराना क्षेत्र के पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर डग्गामार जीप, ईको और मैजिक जैसे अवैध वाहनों का संचालन लगातार जारी है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह स्थिति वर्षों से बनी हुई है और आए दिन कोई न कोई हादसा सामने आता रहता है।



मोटर वाहन अधिनियम के तहत किसी भी यात्री वाहन को सड़क पर चलाने के लिए वैध परमिट, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। इसके बावजूद इस मार्ग पर कई वाहन बिना वैध परमिट और नियमों की अनदेखी करते हुए संचालित किए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार और बिना प्रशिक्षित चालकों द्वारा वाहन चलाना आम बात हो गई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि यातायात नियमों का खुलेआम उल्लंघन होने के बावजूद नियमित जांच और कार्रवाई नहीं की जा रही है। परिवहन विभाग के नियमों के अनुसार अवैध रूप से संचालित वाहनों को जब्त करने, चालान करने और उनका परमिट निरस्त करने का प्रावधान है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि इन नियमों का जमीनी स्तर पर प्रभावी पालन नहीं हो पा रहा है। सूत्रों के अनुसार, पूर्व में कई बार जिला परिवहन अधिकारी को इस संबंध में शिकायतें और प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं, जिनमें अवैध डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अब तक ठोस कदम न उठाए जाने से लोगों में नारा. जगी है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए सभी अवैध वाहनों को बंद कराया जाए, नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाए और जिम्मेदार लोगों की जवाब. देही तय की जाए, ताकि सड़क हाद. सों पर रोक लग सके और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## इंग्लैंड से सामान आने के नाम पर की महिला से ठगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** कैराना के मोहल्ला आलकल निवासी पूनम चौहान पत्नी पंकज चौहान ने साइबर क्राइम थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 30 नवंबर 2025 को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल कर बताया कि इंग्लैंड से उसके लिए कुछ सामान आ रहा है, जिसे छुड़वाने के लिए कुछ धनराशि जमा करनी होगी। आरोपी के झांसे में आकर महिला ने उसके द्वारा भेजे गए बार कोड के माध्यम से अलग-अलग तिथियों में रकम जमा करनी शुरू कर दी।पीड़िता के अनुसार उसने स्वयं, अपने पति एवं अन्य माध्यमों से 8 दिसंबर 2025 तक करीब आठ लाख रुपये आरोपी के बताए खातों में जमा करा दिए। इसके बाद 11 दिसंबर को आरोपी ने फिर फोन कर 1.26 लाख रुपये और जमा करने का दबाव बनाया। महिला ने रुपये न होने की बात कही तो आरोपी ने उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने की धमकी दी। इसके बाद महिला ने पूरी घटना अपने पति को बताई, तब उन्हें एहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं। पीड़िता ने बताया कि आरोपी के कहने पर उसने अपने जेवर तक गिरवी रख दिए थे। घटना के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान और सदमे में है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के पदा. धिकारियों ने विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने कहा कि विद्यालयों को सुरक्षा का अधिकार मिलना चाहिए, ताकि विद्यालय परिसर में होने वाली तोड़फोड़ एवं स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने विद्यालय परिसरों में दुर्व्यवहार को दंडनीय अपराध घोषित करने संबंधी व्यवस्था लागू करने की मांग की। कहा कि विद्यालयों में प्रवेश केवल टीसी के आधार पर ही किया जाए तथा बिना टीसी के प्रवेश लेने वाले विद्यालयों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही यदि कोई अभिभावक अपने बच्चे का प्रवेश सरकारी विद्यालय से निजी विद्यालय में कराता है तो सरकारी विद्यालय द्वारा टीसी जारी करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शिक्षक संघ ने यू-डायस पोर्टल से जुड़ी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने मांग की कि छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय की जानकारी संशोधित करने का अधिकार विद्यालयों को दिया जाए। साथ ही किसी छात्र को दूसरे विद्यालय में भेजने से पहले मूल विद्यालय के प्रधानाचार्य के मोबाइल पर ओटीपी भेजने की व्यवस्था लागू की जाए। इसके अलावा अपार आईडी बनाने में आधार कार्ड की अनिवार्यता को लेकर भी शिक्षक संघ ने सवाल उठाए। ज्ञापन में कहा गया कि जब सरकार आधार कार्ड को जन्म प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं कर रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रविन्द्र मलिक, संजीव कुमार, विजयपाल, मास्टर विजय, रजनीश कुमार, प्रतीक कुमार, हीना आदि मौजूद रहे।

# भाकियू का यारपुर बिजलीघर पर धरना

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव यारपुर बिजली घर पर भारतीय किसान यूनियन का एक दिन से चल रहा धरना-प्रदर्शन देर शाम अधिकारियों के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। क्षेत्र में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था कर्मचारियों की कार्यशैली और टूटे खंभों की समस्या को लेकर किसानों और ग्रामीणों का गुस्सा खुलकर सामने आया।



भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में यारपुर, मंटी हसनपुर कैल शिकारपुर, समेत पांच गांवों के ग्रामीण बिजली घर पर एकत्र हुए और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि आंधी-तूफान में कई बिजली खंभे टूट गए थे जिनको सही कराने के लिए गांव वालों ने खुद पैसे तक इकट्ठे कर दिए लेकिन इसके बावजूद भी खंभों को समय पर ठीक नहीं किया गया और क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बदहाल बनी रही।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली कर्मचारी सही तरीके से कार्य नहीं कर रहे हैं जिससे आए दिन बिजली कटौती और तकनीकी समस्याओं से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि कई बार शिकायत देने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया।धरने के दौरान भारतीय किसान यूनियन ने विद्युत विभाग के एसडीओ ऊन साहब सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए बिजली घर पर तैनात कर्मचारियों के तबादले और कार्यशैली में सुधार की मांग उठाई।किसानों ने अशोक, दिलावर और दीपक को तत्काल प्रभाव से हटाने तथा अन्य कर्मचारियों को भी 15 दिनों के भीतर दूसरे बिजली घरों पर भेजने की मांग की। किसानों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए एसडीओ ऊन साहब सिंह ने जल्द समस्याओं के समाधान और बिजली व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कराया गया।धरना प्रदर्शन भारतीय किसान यूनियन की जिला महिला उपाध्यक्ष कविता चौधरी के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान मास्टर जाहिद जिला संगठन मंत्री, नरेंद्र कुमार, प्रदेश संगठन मंत्री प्रभात मलिक, मंडल प्रवक्ता देवराज पहलवान, भूरा प्रधान युवा जिला उपाध्यक्ष, मुजम्मिल ब्लॉक अध्यक्ष थाना भवन, समेत बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर......

### अमावस्या पर विशाल भंडारे का आयोजन

शामली। विश्वकर्मा धाम सेवा परिवार द्वारा अमावस्या के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जानकारी के अनुसार शनिवार को अमावस्या के मौके पर श्री विश्वकर्मा धाम सेवा परिवार द्वारा धीमानपुरा स्थित श्री विश्वकर्मा धाम पर भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह के समय पूजा अर्चना की गयी, दोपहर के समय भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में साजन पांचाल द्वारा खीर के प्रसाद की व्यवस्था की गयी। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस अवसर पर डा. राजेन्द्र स्वामी, कमलकांत धीमान, श्यामसुंदर धीमान, वासु धीमान, अनिल धीमान, नरेन्द्र धीमान, सुभाष धीमान, विकास धीमान आदि भी मौजूद रहे।

### गरीब और होनहार बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा उठाएंगे समाजसेवी शेरजमा खान

**जलालाबाद।** कस्बे के प्रसिद्ध समाजसेवी शेरजमा खान ने शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल करते हुए आर्थिक रूप से कमजोर, बेसहारा और होनहार बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा उठाने का ऐलान किया है। उनकी इस नई योजना के तहत कस्बे के ऐसे 50 बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिलाई जाएगी, जो पढ़ने की इच्छा रखते हैं लेकिन आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत चयनित बच्चों की एडमिशन फीस, स्कूल ड्रेस, कोर्स एवं अन्य जरूरी शैक्षिक खर्च समाजसेवी शेरजमा खान द्वारा वहन किए जाएंगे। यह योजना विशेष रूप से उन बच्चों के लिए शुरू की गई है जिनके माता-पिता जीवित नहीं हैं।

### युवती को फुसलाकर ले जाने में मुकदमा दर्ज

**शामली।** कैराना नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई कि 5 मई की सुबह करीब 6 बजे आर्य पुरी निवासी अमजद उर्फ बूटा उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पता चलने पर जब वह आरोपी के घर पहुंची तो अमजद की मां नसीमा, भाई सुहेल और इरशाद ने उसके साथ गाली गलौज की। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर शिकायत की तो जान से मार देंगे। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली।

### कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**शामली।** कैराना पुलिस ने गश्त के दौरान जहानपुरा रोड से कासिम निवासी मोहल्ला पीरजादगान को 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। दूसरे मामले में पुलिस ने शुक्रवार रात्रि 8.30 बजे शामली रोड पर निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास से मन्ना माजरा निवासी कलीम को 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करके चालान कर दिया।

### रेलवे फाटक खुलते ही नगर थमा, डेढ़ घंटे जाम में फंसे रहे लोग

**शामली।** दिल्ली से सहारनपुर की ओर जाने वाली ट्रेन के गुजरने के बाद जैसे ही धीमानपुरा और बुढ़ाना रेलवे फाटक खोले गए, वाहन चाल. कों में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ मच गई। जल्दबाजी और अव्यवस्था के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। देखते ही देखते जाम की स्थिति विकराल हो गई और करीब डेढ़ घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। जाम में फंसे लोगों को काफी देर तक परेशान होना पड़ा। इस दौरान दुपहिया, चारपहिया वाहनों के साथ पैदल राहगीरों को भी आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर निवासी अमित कुमार, नफीस खान और मंजीत ने बताया कि नगर में आए दिन जाम लगना आम बात हो गई है। जाम के कारण लोगों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती है, लेकिन संबंधित विभाग इस समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि रेलवे फाटकों पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि नगरवासियों को बार-बार जाम की समस्या से राहत मिल सके।

### साइबर अपराध और महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर की दी जानकारी

**थानाभवन।** मिशन शक्ति फेस 5.2 अभियान के अंतर्गत दिनांक 16 मई को थाना थानाभवन पुलिस टीम द्वारा लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज व क़स्बा क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक शामली एन. पी. सिंह के आद. `शानुसार प्रभारी निरीक्षक थाना थानाभवन के नेतृत्व में चलाया गया।अभियान के दौरान मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल विनीता एवं कांस्टेबल अनुराग द्वारा कस्बा थानाभवन में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए कानूनों का उद्देश्य दंड से अधिक न्याय व्यवस्था को मजबूत करना तथा महिलाओं को अधिक सुरक्षा और अधिकार प्रदान करना है।इस दौरान टीम द्वारा साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी बाल अपराध एवं महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जागरूक किया गया। इनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 108 एंबुलेंस सेवा शामिल रही।पुलिस टीम ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना एवं ऑपरेशन सवेरा के बारे में भी जानकारी देते हुए महिलाओं और बालिकाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान महिलाओं ने पुलिस टीम से विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया ।

### थानाभवन ईदगाह के पास 100 केवीए के ट्रांसफर में अचानक लगी आग

**थानाभवन।** ईदगाह के पास 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में करीब 4 बजे दोपहर को आग लग गई। आग की लपटे देख मोहल्लेवासी घटना स्थल की ओर दौड़े। आग् की सूचना तत्काल विद्युत विभाग को दी गई। सप्लाई बाधित करने के बाद अमरीश, मनोज, अंकित, आदि लाइनमैनो ने पहुंचकर आग को बुझाया। अवर अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि 100 केवीए के ट्रांसफार्मर बॉक्स में आग लग गई थी जिसे बुझा दिया गया है। विद्युत आपूर्ति 4 घंटे बाद सुचारू करा दी जाएंगी। आग लगने से आस पास क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई है।

### 50 हजार रूपए हुए चोरी

**शामली।** थाना फुगाना क्षेत्र के गांव कुरावा निवासी विकास पुत्र जयपाल सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 11 मई को खरड़ बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर शामली में पप्पी लोहे की दुकान पर सामान लेने आया था। आरोप है कि इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से 50 हजार रुपये चोरी कर लिए।

## एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 62 हजार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** क्षेत्र के गांव भनेडा जट निवासी महक सिंह पुत्र इलम सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह गत 23 फरवरी को किसी कार्य से शामली बाजार आया था। इसी दौरान वह एसबीआई बैंक के पास स्थित एटीएम पर रुपये निकालने पहुंचा। आरोप है कि वहां किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और बाद में उसके खाते से 62 हजार रुपये निकाल लिए।

पीड़ित को खाते से रुपये निकलने की जानकारी होने पर उसने मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए रकम वापस दिलाने की मांग की है।पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## छात्रा से अभद्रता, मारपीट का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** तहसील कैराना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में गांव निवासी एक परिवार ने गांव के ही कुछ युवकों पर उनकी बेटियों के साथ अभद्रता, मारपीट और लगातार उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित परिवार ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। ग्राम निवासी युवक ने शिकायती पत्र में बताया कि गांव निवासी दो सगे भाई अन्य युवकों के साथ मिलकर उनकी दोनों पुत्रियों को लंबे समय से परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि आरोपी युवक रास्ते में रोककर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं तथा विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। पीड़ित पिता के अनुसार उनकी पुत्री ने हाल ही में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है और वह आगे की पढ़ाई जारी रखना चाहती है, लेकिन आरोपी युवक उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर पढ़ाई छोड़ने का दबाव बना रहे हैं। आरोप यह भी है कि मुख्य आरोपी मोहित अन्य युवकों को भी उसके पीछे लगाकर परेशान करता है, जिससे परिवार भय और तनाव में जीने को मजबूर है।शिकायत में बताया गया कि गत 15 मई की दोपहर करीब 12 बजे परिवार के सदस्य मजदूरी करने गए हुए थे। इसी दौरान आरोपी युवक घर में घुस आए और सिमरन के साथ लाठी-डंडों व थप्पड़ों से मारपीट की।घटना में युवती के सिर, हाथ और पैर में चोटें आई हैं। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से बेटियों की सुरक्षा को खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने और भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचाने के लिए सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# डीएम ने नगर पंचायत बनत को जांचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जिलाधिकारी शामली आलोक यादव ने शनिवार को नगर पंचायत बनत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं, अभिलेखों तथा नागरिक सेवाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी को नगर पंचायत कार्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक मिली। उन्होंने कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया, जहां अभिलेख सुव्यवस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों से संबंधित अभिलेखों, आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों तथा कर संबंधी अभिलेखों की भी गहनता से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कर वसूली एवं शिकायत निस्तारण की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की और कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिका. रियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय से पहुंचाया जाए। निरीक्षण के समय एसडीएम शामली निधि भारद्वाज, नगर पंचायत अध्यक्ष कुसुम, अधिशासी अधिकारी देवकीनंदन, लिपिक ओम सिंह कश्यप, जनप्रतिनिधि धर्मवीर सिंह, समस्त सभासदगण एवं नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जर्जर हो चुके विद्युत खंभों की जल्द मरम्मत कराए जाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** विकलांग विधवा सेवा समिति ने नगर में जर्जर हो चुके विद्युत खंबों की जल्द मरम्मत एवं विजय चौंक पर टैंपों व बस चालकों के बीच आए दिन होने वाली मारपीट पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

विकलांग विधवा सेवा समिति के जिलाध्यक्ष मौ. शमीम मलिक ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि नगर में कई स्थानों पर विद्युत खंबे लगे हुए हैं जिनमें से कई जर्जर हालत में हैं, इससे किसी भी दिन कोई बडा हादसा हो सकता है। उन्होंने डीएम से गुहार लगायी कि विद्युत विभाग को निर्देश जारी कर ऐसे विद्युत खंबों की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए अथवा उन्हें बदला जाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नगर के विजय चौंक पर टैंपों चालकों व बस चालकों के बीच आए दिन मारपीट व गाली गलौच होती रहती है, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी टैंपों चालकों की कोई मदद नहीं करते। उन्होंने मांग की कि कैराना जाने वाली बसें बस स्टैंड से चलकर सीधे कैराना जाकर रुके, विजय चौंक पर न रुकें, अन्यथा किसी भी दिन कोई बडा बवाल हो सकता है। उन्होंने मौहल्ला पंसारियान स्थित मक्का मस्जिद की सडक भी आरसीसी से बनवाए जाने की मांग की।

# भावाधस के स्थापना दिवस व आदि धर्म महापर्व का पोस्टर जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की जिला संगठन बैठक शामली नगर पालिका सभागार में आयोजित हुई, जिसमें 24 मई 2026 को 62वां स्थापना दिवस एवं आदि धर्म महापर्व के आयोजन का पोस्टर जारी कर जिले और आसपास के क्षेत्रों से अधिक से अधिक संख्या में क की अपील की। बैठक में मुख्य अतिथि अरविंद संगल, विशिष्ट अतिथि मीरा चावला तथा संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री दिनेश गहलोत ने पोस्टर जारी किया। इस अवसर पर चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि वाल्मीकि जी ने रामायण की रचना कर भारतीय संस्कृति को अमूल्य धरोहर दी है। राष्ट्रीय महामंत्री दिनेश गहलोत ने जिले और आसपास के क्षेत्रों से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का आदि धर्म महापर्व ब्रह्मल. ीन स्वामी चंद्रपाल अनार्य को समर्पित आदि धर्म महापर्व बड़े ही हर्षोल्लास और आस्था के साथ समागम के रूप मे मनाया जाएगा, जिसमे देशभर से हज़ारो की संख्या मे भावाधस कार्यकर्ता शामिल होंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप मायूस ने कहा कि पावन वाल्मीकि तीर्थ पर निसंतानों को संतान और बेघरों को घर की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। जिला संयोजक सुनील चंद्रा ने सभी कार्यकर्ताओं से परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचने का आ]वान किया। बैठक में मनीष गहलोत, नीरज चंदेल, सोनू चावला, प्रवीण लिडला, सनी त्वर, दीपक चंद्रा, विनोद कंडेरा और उपवन पारचा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बहन को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** गढीपुख्ता क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि 14 मई को वह अपनी बडी बहन को लेकर अस्पताल गया था जबकि उसकी दूसरी बहन अपने घर पर काम कर रही थी। जब वह अस्पताल से वापस लौटा तो देखा कि उसकी बहन घर पर नहीं थी, उसे बहन की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। उसी दौरान उसकी जानकारी मिली कि कुछ लोग उसकी बहन को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। पीडित ने पुलिस से बहन को बरामद करने व आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पडताल शुरू कर दी है।

# मनचले से परेशान युवती ने किया आत्मदाह का प्रयास, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव दखोड़ी जमालपुर निवासी दुली. चंद ने थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि उसकी पुत्री की मंगनी डेढ़ माह पूर्व गुरमीत निवासी गांव चौरावाला थाना ककरोली जिला मुजफ्फरनगर के साथ हुई थी।घर पर शादी की तैयारी चल रही थी 11 मई को गुरमीत हमारे घर मिलने के लिए आया था घर से थोड़ी दूरी पर रहने वाले युवक गौरव को गुरमीत के गांव में आने का पता चल गया। जैसे ही गुरमीत गांव से मिलने के बाद वापस जाने लगा तो उसके मोबाइल नंबर पर गौरव व उसके दोस्त सूरज ने राधिका से शादी न करने की बात कही और शादी करने पर गुरमीत को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी गई। युवक गौरव के द्वारा तमंचे का फोटोग्राफ उसके इंस्टाग्राम पर भेजकर भयभीत भी किया गया। आरोप है कि 12 मई को सुबह के समय उनकी पुत्री घर के बाहर कूड़ा डालने जा रही थी इस दौरान गांव के शिव मंदिर के पास खड़े युवक गौरव ने तमंचा निकालकर उसकी पुत्री को धमकी दी कि अगर तूने गुरमीत से शादी की तो गुरमीत व तेरे परिवार को जान से मार दूंगा। उसकी पुत्री ने घर आकर सारी बात उन्हे बताई तब से वह इतनी भयभीत थी कि आरोपी कहीं वारदात को अंजाम न दे। उसकी पुत्री ने इसी डर व बदनामी की वजह से 15 मई को सुबह 9:30 बजे घर की छत पर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर लेकर कार्रवाई शुरू की।

## सफाई मित्रों की नियुक्ति न होने पर 20 को धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**शामली।** शनिवार को स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ के पदा. धिकारियों ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि संगठन द्वारा कई बार उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी अभी तक नगर पालिका में सफाई मित्रों की नियुक्त नहीं की गयी जिसके बाद 28 मार्च 2026 को सफाई मित्रों की नियुक्ति की मांग को लेकर नगर पालिका में धरना प्रदर्शन किया था जहां एसडीएम विनय प्रताप सिंह भदौरिया ने पहुंचकर समस्या के समाधान का आश्वासन देकर धरना समाप्त करा दिया था, इसके बाद सभी सफाई विभाग के पदाधिकारियों की बैठक ली गयी जिसमें नगर पालिका चेयरमैन भी मौजूद थे। उन्होंने एक माह का समय मांगा था जो पूरा हो चुका है लेकिन आज तक भी सफाई मित्रों की नियुक्ति को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। उन्होंने डीएम से मामले का संज्ञान लेते हुए सफाई मित्रों की नियुक्ति की मांग की, साथ ही चेतावनी दी कि यदि ऐसा न हुआ तो 20 मई से नगर पालिका में धरना शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर अमित कुमार, विनोद निर्वाल, अश्वनी तंवर आदि भी मौजूद रहे।


**सूचना**

मेरा पुत्र तनवीर अहमद व पुत्रवधु शहनाज रानी मेरे कहने-सुनने में नही है और मेरे व परिवार के साथ अभद्रता तथा मारपीट करते है। जिसके चलते मैं उन्हे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उनके किसी कृत्य से मेरे व मेरे परिवार को कोई संबंध नही है।

**गफ्फार पुत्र मंगता निवासी मौहल्ला खैरादियान शामली जनपद शामली।**



**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पताः- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# समाधान दिवस में 57 में से आठ का निस्तारण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जिले के आला अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 57 फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। इनमें से राजस्व विभाग से संबंधित आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में सर्वाधिक 37 शिकायतें राजस्व विभाग को लेकर रहीं। डीएम ने भूमि संबंधी समस्याएं गौर से सुनी और इनके निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाने को निर्देशित किया। इसके अलावा ब्लाक, पुलिस, पूर्ति विभाग, ऊर्जा निगम, चकबंदी विभाग, पीडब्ल्यूडी आदि विभागों की शिकायतें भी शिकायतकर्ताओं ने अधिकारियों के समक्ष रखीं। पूर्व विधायक शशीबाला पुंडीर भी कई लोगों की समस्याओं को लेकर डीएम से मिलीं और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। जिलाधिकारी अरविंद चौहान ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में समस्याओं के निराकरण में शिथिलता को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधीनस्थों को तत्परता और पूरी पारदर्शिता के साथ शिकायतें निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ सुमित राजेश महाजन, सीएमओ डा. प्रवीण कुमार, डीएफओ शुभम सिंह, उपजिलाधकारी युिवराज सिंह, प्रणय कृष्ण आदि शामिल रहे।

## शॉर्ट सर्किट के कारण मकान में लगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मोहल्ला बडजियाउलहक निवासी मोहम्मद मुशीर के मकान की तीसरी मंजिल में तारों में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। सड़क पर बाहर बैठे लोगों ने आग की ऊंची लपटें देखी। उनके शोर मचाने पर परिवार को इसकी जानकारी हुई। इस दौरान वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बामुश्किल आग पर काबू पाया। इस दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ी को रास्ते से वापस भेज दिया गया। मुशीर के मुताबिक अधिक संभावना है कि बार बार बिजली के आने जाने की वजह से तारों में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। जिससे वहां रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

# कारों का काफिला छोड़ बाइक पर सवार हुए राज्यमंत्री बृजेश सिंह



**देवबन्द।** वैश्विक संकट के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल एवं डीजल की खपत कम करने की अपील का असर जनप्रतिनिधियों पर दिखाई देने लगा है। लोकनिर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह बाइक पर सवार होकर क्षेत्र के भ्रमण पर निकले।

कार्यकर्ताओं के साथ बाइक पर सवार होकर राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह चंदपुर कायस्थ गांव पहुंचे। उन्होंने गांव में नवनिर्मित श्री शनिदेव मंदिर में आयोजित मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में प्रतिभाग किया और विधि-विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही राज्यमंत्री ने गांव में ही नवनिर्मित श्री दुर्गा माता गौशाला का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि गौसेवा हमारे संस्कारों का अभिन्न हिस्सा है और यह गौशाला क्षेत्र में निराश्रित गोवंश के संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को भी सुना।

# बाबरी मस्जिद का निर्माण मंदिर को ध्वस्त करके नहीं किया : मदनी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद की अधिनस्थ संस्था जस्टिस एंड एम्पावरमेंट ऑफ माइनॉरिटीज और साउथ एशियन माइनॉरिटीज लायर एसोसिएशन (समला) के संयुक्त विमोचन कार्यक्रम में बाबरी मस्जिद पर फैसले और पूजा स्थल अधिनियम 1991 पर एक शोध रिपोर्ट जारी की गई।

शनिवार को नई दिल्ली के कांस्टिट्यूशन क्लब में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें देश के प्रमुख वरिष्ठ अधिवक्ताओं, कानूनी विशेषज्ञ, पूर्व न्यायाधीश और विद्वान शामिल हुए। इस दौरान जारी की गई रिपोर्ट में यह बात कही गई कि पूजा स्थल अधिनियम, 1991 भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने, धार्मिक सद्भाव और सांविधानिक स्थिरता की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ताकि ऐतिहासिक विवादों को फिर हवा न दी जा सके। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने कहा कि बाबरी मस्जिद फैसले पर एक गंभीर और गहन अध्ययन की अत्यंत आवश्यक थी। इससे भावी पीढ़ियां यह देख सकेंगी कि एक वर्ग इस फैसले को अलग नजरिए से देखते हुए अपने पक्ष को विद्वतापूर्ण एवं सांविधानिक तरीके से दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। मौलाना मदनी ने कहा कि यह रिपोर्ट वास्तव में भारत की धर्मनिरपेक्ष पहचान, सांविधानिक मूल्यों और आपसी सद्भाव की रक्षा का एक गंभीर और ईमानदार प्रयास है। उन्होंने कहा कि बाबरी मस्जिद मामले में कहीं भी यह साबित नहीं हुआ कि मस्जिद का निर्माण किसी मंदिर को ध्वस्त करके किया गया था, बल्कि सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं अपने फैसले के पैराग्राफ 788 और उसके बाद के हिस्सों में स्पष्ट किया है कि इस दावे के पक्ष में कोई निर्णायक सबूत नहीं है।

कहा कि फैसले के बाद भारतीय मुसलमानों ने धैर्य, जिम्मेदारी और सांविधानिक निष्ठा का प्रदर्शन किया, लेकिन उसके बावजूद ज्ञानवापी, मथुरा ईदगाह, कमाल मौला मस्जिद और अन्य धार्मिक स्थलों से संबंधित नए विवाद खड़े किए जा रहे हैं। इस मौके पर सलमान खुर्शीद, फिरोज गाजी, वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह, प्रो. फैजान मुस्तफा, एम. आर शमशाद, निजाम पाशा, पूर्व न्यायमूर्ति इकबाल अंसारी, शोधार्थी निजामुद्दीन सिद्दीकी, मौलाना हकीमुद्दीन, मौलाना नियाज फारुकी आदि शामिल रहे।

# भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष ने लालवाला प्रकरण में जेल गए लोगों से की मुलाकात




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भीम आर्मी जिलाध्यक्ष शौर्य आंबेडकर व आसपा के पदाधिकारियों ने समर्थकों के साथ लालवाला प्रकरण में जेल गए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन पर अन्याय पूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

भीम आर्मी जिलाध्यक्ष शौर्य आंबेडकर आपसा पदाधिकारी व कई समर्थकों के साथ देवबंद उपकारागार पहुंचे। उन्होंने लालवाला प्रकरण में जेल भेजे गए पांच लोगों से मुलाकात की और हर संभव कानूनी मद्द का आश्वासन दिया। मुलाकात के बाद शौर्य आंबेडकर ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने अन्याय पूर्ण कार्रवाई के तहत समाज के लोगों को जेल भेजने का काम किया है। बहुजन समाज पर हो रहे अच्याचार, दमन और आवाज दबाने की कोशिशों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी और बहुजन समाज अपने हर समाज के साथी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। साथियों का मनोबल मजबूत है और वे संविधान एवं सामाजिक न्याय की लड़ाई को पूरी मजबूती के साथ लड़ रहे हैं।

# स्टालिन एवं भाटी के बयान की निंदा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सनातन शक्ति संगठन की बैठक में तमिलनाडु में विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध लगातार की जा रही आपत्तिजनक एवं अनर्गल टिप्पणी की निंदा की गई। साथ ही सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के बयानों पर रोष जताया गया।

शिक्षक नगर में सूरज पुंडीर के आवास पर बैठक में सभासद विपिन त्यागी ने कहा कि तमिलनाडु में उदयनिधि स्टालिन लगातार धर्म विरोधी टिप्पणियां करते है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इनके अलावा सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी भी अनर्गल बयानबाजी करने से बाज नहीं आ रहे है। दोनों का ही मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। सपा मुखिया अखिलेश यादव को राजकुमार भाटी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, क्योंकि उनके अनर्गल बयानों से ब्राह्मण समाज समाज में भारी नाराजगी है। सपा को आगामी चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। साथ ही समाज में सनातन संस्कृति, आपसी सौहार्द एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने पर बल दिया गया। इस मौके पर अमरीश त्यागी, सम्राट राणा, पुनीत अग्रवाल, विपिन शर्मा, हिमांशु होरा, रविंद्र सिंह, अमित, अरुण त्यागी आदि लोग संयुक्त रूप से शामिल रहे।

# भारतीय भाषा समर कैंप का हुआ आयोजन



**देवबन्द।** भारतीय भाषा समर कैंप में खेल में भारत की विभिन्न भाषाओं के साथ ही स्थानीय व्यंजनों, मसालों, सब्जियों एवं फलों के उत्पादन व उपयोग की जानकारी दी गई।

एचएवी इंटर कालेज में आयोजित कैंप में प्रवक्ता प्रमोद कुमार ने विभिन्न राज्यों में बोली जाने वाली भाषा व संस्कृति के बारे में बताया। उन्होंने स्वास्थ्य के लिए मौसमी फलों एवं सब्जियों का अधिक से अधिक प्रयोग करने की सलाह दी। सहायक शिक्षिका सविता ने व्यंजनों को स्वच्छ एवं सुरक्षित तरीके से पकाने की जानकारी दी। प्रधानाचार्य हेम सिंह ने बताया कि मसाले हमारे शरीर में एंटीऑक्सीडेंट का कार्य करते हैं और हमें बीमारियों से भी बचाते हैं। उन्होंने छात्रों को जंक एवं फास्ट फूड से बचने की सलाह दी। वहीं, ठा. फूल सिंह मैमोरियल इंटर कालेज रणखंडी में समर कैंप में प्रधानाचार्य डा. अमरदीप सिंह पुंडीर ने छात्रों को मौसमी फलों व सब्जियों समेत अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। तल्हेड़ी बुजुर्ग स्थित पीएम श्री विद्यालय में समर कैंप में स्थानीय व्यंजन के साथ ही फलों व सब्जियों पर आधारित गतिविधियां कराई गई।

# आरके पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आरके पब्लिक स्कूल में शनिवार का कार्यक्रम आयोजित कर 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्रों को सम्मानित किया गया।

आरके पब्लिक स्कूल प्रांगण में चेयरमैन राजेश चौहान, डा. कुलदीप राणा एवं प्रधानाचार्या मोनिका कपूर समेत अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट सफलता के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए। स्कूल टापर काजल और आयुषी को टापर अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजेश चौहान ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन ही सफलता का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं डा. कुलदीप राणा ने छात्रों को जीवन में सकारात्मक सोच एवं आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या मोनिका कपूर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# समयबद्धता से करे शिकायते निस्तारित:डीएम

▢ समाधान दिवस में 107 में से 21 शिकायते हुए निस्तारित।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को जिले की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तीनों तहसीलो में आई 107 शिकायतों में से मात्र 21 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील शामली सभागार में डीएम आलोक यादव ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। वही डीएम आलोक यादव की पहल का असर भी देखने को मिला। जहां राशन से संबंधित पहुंची 11 समस्याओं से समाधान दिवस में 9 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

शनिवार को तहसील शामली में संपूर्ण समाधान दिवस में राशन कार्ड, विद्युत विभाग, भूमि विवाद, पेंशन एवं आयुष्मान कार्ड से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। डीएम ने बताया कि पूर्व में दिए गए निर्देशों के तहत स्वास्थ्य, पूर्ति, विद्युत एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा विशेष काउंटर लगाकर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। डीएम आलोक यादव ने कहा कि इस व्यवस्था से फरियादियों को एक ही छत के नीचे समस्याओं का समाधान मिल सकेगा तथा उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से नौ राशन कार्ड एवं पांच अन्य विभागों से संबंधित कुल 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम निधि भारद्वाज, सीएमओ डॉ. अनिल कुमार, एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन मौजूद रहे। वहीं तहसील कैराना में एडीएम सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 30 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। मौके पर एसडीएम शिवाजी यादव मौजूद रहे। तहसील ऊन में एसडीएम विनय प्रताप सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहां 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## किसानों की शिकायत पर खोखरी नदी की दोबारा पैमाइश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** खोखरी नदी की खुदाई को लेकर किसानों द्वारा उठाए गए विरोध के बाद शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोबारा पैमाइश कराई। शिकायतकर्ताओं को साथ लेकर नदी की भूमि और किसानों की जमीन की नापजोख की गई। पैमाइश के दौरान खुदाई का कार्य पूरी तरह बंद रहा। कार्रवाई के बाद राजस्व टीम ने मौके पर निशानदेही भी कराई, जिसके बाद किसी प्रकार का विवाद सामने नहीं आया। चौसाना क्षेत्र में पिछले करीब दस दिनों से खोखरी नदी की खुदाई का कार्य चल रहा है। इसी दौरान चौसाना जदीद रकबे के किसान बलली, वकील, नवाब अली, उम्मेद और ताजअली समेत अन्य किसानों ने नदी की भूमि की गलत पैमाइश किए जाने का आरोप लगाया था। किसानों का कहना था कि खुदाई के दौरान उनकी भूमि प्रभावित हो रही है। मामले को लेकर किसानों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी। शनिवार को शिकायत के बाद कानूनगो विनोद कुमार के नेतृत्व में लेखपाल अजीत कुमार और लोकेश की टीम मौके पर पहुंची। राजस्व टीम ने शिकायतकर्ताओं को साथ लेकर खेतों और नदी की जमीन की पैमाइश कराई। इस दौरान जेसीबी मशीनों का कार्य बंद रखा गया।

## रालोद की समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय लोक दल के जिला कार्यालय पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर वरिष्ठ नेता प्रमेन्द्र सिंह नम्बरदार को जनपद महासचिव घोषित किया। नियुक्ति की घोषणा के बाद पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रमेन्द्र सिंह नम्बरदार का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक अशरफ अली खान मौजूद रहे।

## खाद की कालाबाजारी को लेकर उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तहसील कैराना के संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम पांवटीकला के किसानों ने खाद की कथित कालाबाजारी को लेकर शिकायत दर्ज कराई। शनिवार को तहसील कैराना पहुंचे ग्रामीण किसानों ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव की खाद सोसायटी पर किसानों को पूरे दिन लाइन में खड़ा रखा जाता है, लेकिन बाद में खाद खत्म होने की बात कहकर वापस भेज दिया जाता है। आरोप है कि सोसायटी का एमडी और उसका सहयोगी पंकज खाद को ब्लैक में बेचकर अवैध लाभ कमा रहे हैं। किसानों का कहना है कि फसल सीजन शुरू होने वाला है और समय पर खाद नहीं मिलने से उनकी फसल प्रभावित हो सकती है। छोटे किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत देने वालों में सादिक, अफसर, सारिक, कादिर, गालिब समेत अन्य ग्रामीण किसान शामिल रहे। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद सोसायटी की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए।

## बस स्टैंड से मिला युवक का शव, सनसनी

**कैराना।** शामली बस स्टैंड के निकट शनिवार दोपहर एक युवक का शव पड़े मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया। बाद में मृतक की पहचान मोहल्ला आलखुर्द निवासी अमित (42) पुत्र दाताराम के रूप में हुई। युवक की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्रारंभिक तौर पर ब्रेन हैमरेज से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शनिवार दोपहर शामली बस स्टैंड के आसपास लोगों की नजर सड़क किनारे पड़े एक युवक पर पड़ी। काफी देर तक युवक के नहीं उठने पर लोगों को अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को संभालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ करते हुए मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। बाद में उसकी शिनाख्त मोहल्ला आलखुर्द निवासी अमित पुत्र दाताराम के रूप में हुई। युवक की पहचान होने के बाद पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए, जहां शव को देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ था। बताया जा रहा है कि अमित पिछले काफी समय से बीमार चल रहा था और उसका उपचार भी कराया जा रहा था। परिजनों एवं स्थानीय लोगों के अनुसार युवक को अचानक ब्रेन हैमरेज हुआ।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अंकित कुमार को उसके गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इसका मेरे और मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

रफल सिंह पुत्र ज्योति
निवासी ग्राम जड़ोदा जट थाना
देवबंद जिला सहारनपुर

# निगम में ठेका प्रथा के विरोध में धरना जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम की सफाई व्यवस्था निजी हाथों में सौंपे जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ,अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस एवं उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय संयुक्त सफाई कर्मचारी संघ के नेतृत्व में नगर निगम प्रांगण में सफाई कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन जारी रहा।



धरने को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता संजीव आजाद वाल्मीकि, बृजमोहन चनालिया, अंबर चंदन एवं अविनाश बिरला ने कहा कि जब-जब सफाई व्यवस्था निजी हाथों में सौंपी गई है, तब-तब सफाई कर्मचारियों का आर्थिक,शारीरिक और मानसिक शोषण हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कार्यरत कर्मचारी पूरी मेहनत और लगन से सफाई कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते नगर निगम की स्वच्छता रैंकिंग लगातार बेहतर हो रही है। नेताओं ने कहा कि शहरी आजीविका केंद्र द्वारा कर्मचारियों को समय पर वेतन, ईएसआई एवं ईपीएफ जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और कर्मचारियों का किसी प्रकार का शोषण नहीं हो रहा। इसी कारण सभी सफाई कर्मचारी वर्तमान व्यवस्था से संतुष्ट हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सफाई व्यवस्था को 78 करोड़ रुपये में किसी निजी कंपनी को सौंपा गया तो समस्त सफाई कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर चले जाएंगे,जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। धरने में विनोद घावरी, चेतन चनयाने, रघुवीर चंदन एवं वरदान घावरी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान में नगर निगम का सफाई और वेतन मद का खर्च लगभग 56 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष है,जिसे बढ़ाकर 78 करोड़ रुपये में निजी कंपनी को सौंपने की तैयारी की जा रही है,जबकि नगर निगम की कुल वार्षिक आय लगभग 40 से 45 करोड़ रुपये ही है। उन्होंने आशंका जताई कि निजीकरण होने पर कर्मचारियों को कई-कई महीनों तक वेतन नहीं मिलेगा और सफाई कर्मचारी आर्थिक संकट में आ जाएंगे। धरना-प्रदर्शन में नगर निगम के बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। प्रमुख रूप से महेंद्र वेद, अब्दुल गफ्फार, सुनील घावट, हिमांशु, कमल किशोर, राजकुमार, रतन अमित, आशु बिरला, बबीत डबराल, सोनू बिरला, राजकुमार चंदन, मुनेश, तौसीफ, रतन रोहित, कुलदीप हंस, उदय महरोक, नाथीराम सहित हजारों कर्मचारी शामिल रहे।

# स्मार्ट मीटर सामान्य में किए समायोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विद्युत विभाग द्वारा नगर मे विद्युत वितरण उपकेंद्र पर शिविर लगाया गया जिस में विद्युत उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटरों को सामान्य मीटरों में समायोजित किए गए है।

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने विद्युत स्मार्ट मीटरों को सामान्य मीटरों में समायोजित करने का फैसला लिया गया था शासन के आदेशों का पालन करते हुए अधिशासी अभियंता बेहट भीष्म कुमार निर्देशन में एसडीओ बेहट बृजमोहन के नेतृत्व में विद्युत वितरण उपकेन्द्र पर शिविर लगाया गया जिस में विभाग द्वारा पूर्व में जिन उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर लगाए थे पूर्ण रूप से स्मार्ट मीटर से संबंधित उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया गया। शिविर में 11 उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटरों को सामान्य मीटरों में समायोजित किए ।इस संबंध में एसडीओ बृजमोहन ने बताया कि स्मार्ट मीटर को सामान्य मीटर व्यवस्था मे परिवर्तन करने की व्यवस्था शासन ने लागू की गई है और स्मार्ट मीटर में प्रीपेड एवं सिम कार्ड वाली व्यवस्था समाप्त कर दी गई है अब यह मीटर सामान्य मीटर की तरह अपना कार्य करेंगे उन्होंने यह भी बताया कि स्मार्ट मीटर को सामान्य मीटरों में समायोजित करने की प्रक्रिया 15 मई से 30 जून तक विद्युत वितरण उपकेंद्र पर कैम्प लगाकर किए जा रहे है जिन उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर लगे हुए है वो कैम्प में आकर अपने मीटरों को सामान्य मीटर में समायोजित कराले।

कैम्प में जेई जितेन्द्र भटनागर सोमकेतु, हेमराज, मनोज कुमार, सुनील कुमार, अनिल शर्मा ,आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास को लगाया रेडीनेस मेला



**शाह टाइम्स संवादाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के सभागार में 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को स्कूली शिक्षा के अनुक.ूल बनाने तथा उनके सर्वांगीण विकास का आकलन करने के उद्देश्य से रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्‌घाटन युवा भाजपा नेता मण्डल उपाध्यक्ष निशांक जैन ने फीता काटकर किया।

मेले का उद्देश्य छोटे-छोटे बच्चों के शारीरिक विकास, विकास, मानसिक, रचनात्मक, तथा बौद्धिक विकास एवं विद्यालय में प्रवेश के लिए बच्चों की नींव को मजबूत करना रहा। रेडीनेस मेले में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बच्चों का रजिस्ट्रेशन, वजन, लंबाई व बच्चों के विकास पर चर्चा की गई। मेले में गांव के बच्चों ने अपने अभिभावकों के के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर आशु सैनी, गौरव गुप्ता, रियासत अली, सन्दीप जैन, पूजा अग्रवाल, शिल्पी गुप्ता, सविता, मेशन, अनीता, सहायिका अलका गाबा, सुशील सैनी, सुमन सैनी तथा ललिता आदि मौजूद रहे।

## छात्र से मारपीट

**नागल।** कस्बे के रेलवे रोड स्थित एक इंटर कॉलेज के छात्रों ने अपने सहपाठी के साथ मारपीट कर घायल कर डाला। घटना की तहरीर छात्र के पिता ने स्थानीय थाने मे दी है ।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव सोहनचिडा निवासी गुफरान ने पुलिस को दी तहरीर मे कथित आरोप लगाया है कि उसका पुत्र वाहिद कॉलेज मे कक्षा ग्यारह मे पढता है। शुक्रवार को गांव पहाड़पुर निवासी उसकी कक्षा के दो छात्रों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार कर गाली-गलौच कर मारपीट की थी। शनिवार को छुट्टी के समय उसका दूसरा पुत्र शादाब उसे लेने के लिए कॉलेज आया तो उन छात्रों ने अपने साथियों के साथ उन पर हमला कर घायल कर दिया।

# प्रधानों ने लिया महारैली में शामिल होने का निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्थानीय विकासखंड कार्यालय परिसर में ग्राम प्रधानों एवं प्रधान संगठन पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमे सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए आगामी 20 मई को लखनऊ स्थित रमाबाई अंबेडकर मैदान में प्रधान संगठन के आह्वान पर आयोजित महारैली में शामिल होने का निर्णय लिया गया।



ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष राहुल त्यागी ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त किए जाने की घोषणा तो कर दी गई है, लेकिन अभी तक पंचायत चुनाव की तिथि घोषित नहीं की गई है। इससे गांवों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक व्यवस्था मे असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई होती हैं और समय पर चुनाव न होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। बैठक मे मांग की गई कि यदि किसी कारणवश चुनाव में देरी होती है तो प्रशासक नियुक्त करने के बजाय वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। बैठक मे निर्णय लिया गया कि लखनऊ मे आयोजित रैली मे सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए पंचायत चुनाव शीघ्र कराने की मांग उठाई जाएगी। प्रधानों ने दावा किया कि इस महारैली में बड़ी संख्या में प्रधान शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

इस अवसर पर गुरुपाल प्रधान, मुशर्रफ प्रधान, बिरमपाल प्रधान, अमित प्रधान, चंद्रपाल, सुरेंद्र कुमार, जयपाल सिंह, राजकरण सिंह, शिवकुमार, मोनू प्रधान, विनोद प्रधान आदि ग्राम प्रधान और संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा की टॉपर छात्राएं सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** कस्बे के श्री सरस्वती इंटर कॉलेज परिसर में बोर्ड परीक्षा में टॉपर रही छात्राओं को पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य प्रदीप चौहान तथा कस्बा निवासी राज.कुमार सिंह ने परान्नी देवी बालि.का छात्रवृत्ति योजना के तहत हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली साक्षी तथा दूसरे स्थान पर रही गौरी को नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में राजदुलारी देवी स्मृति बालिका छात्रवृत्ति योजना के तहत टॉपर रही खुशी तथा ओमवती को भी नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खुशी तथा ओमवती को क्रमशः 7100 रूपये तथा 5100 रूपये नकद प्रदान किए गए।

इस दौरान प्रधानाचार्य प्रदीप चौहान तथा राजकुमार सिंह ने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं भी पढ़ाई में अपने आपको सिद्ध कर रही है। पहले अक्सर कहा जाता था कि बड़े शहरों के बच्चे ही बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त है क्योंकि उनके पास संसाधन थे लेकिन ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक लाकर सिद्ध कर दिया है कि वह भी किसी से काम नहीं है।

इस दौरान पीटीआई आदेश कुमार, राजकुमार सिंह, मुकुल गोयल, संजय कुमार, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# 62 शिकायतों में से मात्र दो का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी संतोष बहादुरी (प्रशासन) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया अधिकारियों ने समाधान दिवा में पहुंचे फरियादियों की जन शिकायते सुनी गई। समाधान दिवस मे फरियादियों की 62 शिकायते दर्ज की गई जिन में से मात्र दो शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।



तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसमें फरियादियों की विभिन्न विभागों की कुल 62 शिकायतें दर्ज की गई, जिन में से मौके पर ही दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। जन शिकायते सुनने के बाद अपर जिलाधिकारी संतोष बहादुर ने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी समाधान दिवस की शिकायतों को गंभीरता से लें और मौके पर जाकर निस्तारण कराये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस मे दर्ज हुई किसी भी शिकायत को नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिए। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।तहसील समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मयंक वर्मा पर एस डी एम मानवेन्द्र सिंह सी ओ सुश्री प्रीति यादव पांडेय ,तहस.ीलदार विजय कुमार सिंह

नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत भीष्म कुमार, एसडीओ विद्युत बृज मोहन सिंह, पूर्ति निरीक्षक नदीम अहमद, बीडीओ योगेंद्र कुमार, सीडीपीओ संयोगिता यादव, अफसाना बेगम, कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह दिखीत थाना मिर्जापुर, प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह सहित थाना बिहारीगढ़ और थाना फतेहपुर थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# आवारा कुत्तों के नोचने से गौवंश की मौत, ग्रामीणों में बना भय

**चिलकाना।** ग्राम पटनी मे घूम रहे आवारा कुत्तो ने देर रात्रि के समय एक गौवंश ( बछड़े ) को अपना शिकार बनाते हुए बुरी तरह नोच डाला, जिससे उसकी मौत हो गयी। आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। गौरक्षा दल कार्यकर्ताओ ने सम्बंधित विभाग से इन आवारा कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग की है।

शुक्रवार को देर रात्रि के समय ग्राम पटनी में घूम रहे आवारा कुत्तों ने लावारिश घूम रहे एक गौवंश बछड़े पर हमला कर बुरी तरह नोच डाला। जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे गौरक्षा दल सहारनपुर के कार्यकर्ता नितिन गोयल, उज्जवल सैनी, विवेक सैन आदि ने जेसीबी की मदद से गड्ढा खुदवाकर गौवंश बछड़े का अंतिम संस्कार विधि विधान के साथ सम्पन्न कराया।

गौवंश बछड़े की मौत से आक्रोशित गौरक्षा दल के कार्यकर्ताओ द्वारा सरकार से इन आवारा कुत्तो के आतंक से निजात दिलाये जाने की मांग की गई है। नितिन गोयल ने बताया कि दिन-प्रतिदिन इन आवारा कुत्तो का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इससे पहले भी आवारा कुत्तो ने कई व्यक्तियों को काटकर घायल किया है। ग्रामवासी लोग इन आवारा कुत्तों के आतंक की वजह से बच्चों को स्कूल भेजते हुए भी डरने लगे है।

# एसडीएम को ज्ञापन सौंप सड़क जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एक सभासद ने अपने वार्ड में बनवाई गई सड़क व नाली में घटिया निर्माण सामग्री जाने, सड़क के क्षतिग्रस्त हो जाने सहित अन्य समस्याओं से सम्बंधित शिकायत पत्र एसडीएम को सौंप कर जाँच कराए जाने व कार्रवाही किए जाने की माँग की है।




मौहल्ला इकराम वार्ड नम्बर तीन के सभासद नितिन कुमार ने तहसील कार्यालय पहुँच कर एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा को ज्ञापन सौंप कर बताया कि उनके वार्ड में बिजेंद्र के मकान से ऋषिपाल के मकान तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य पूर्व में कराया गया था।उक्त निर्माण में अत्यंत घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया तथा कार्य मानकों के अनुरूप नहीं कराया गया।सड़क निर्माण में उचित ढाल न दिए जाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है जिससे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनी रहती है।निर्माण कार्य की गुणवत्ता इतनी खराब रही कि सड़क कुछ ही समय में जगह जगह से क्षतिग्रस्त हो गई।जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग एवं भ्रष्टाचार की आशंका स्पष्ट रूप से प्रतीत होती है।

सभासद नितिन कुमार ने उक्त निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी ठेकेदार एवं सम्बंधित अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाही किए जाने तथा सड़क एवं नाली का पुनः मानक एवं गुणवत्ता के अनुसार निर्माण कराए जाने की माँग की है। इस दौरान अमन वाल्मीकि, सन्नी मौजूद रहे।

## मेढ़ काटने का आरोप

**गंगोह।** गांव जेहरा निवासी तीन सगे भाईयों राजीव, विकास व संजय पुत्रगण नाथी राम ने उपजिलाधिकारी को दिये प्रार्थनापत्र में खेत के पडौसियों पर उनकी मेढ काटने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। इन लोगों का कहना है कि मेड काटने के बारे में पुछने पर गाली गलौच व अपशब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया।

इसके अलावा पूरी जमीन पर कब्जा करने की धमकी दे रहे है। जिसके चलते वे अपने खेत में धान की बुवाई तक नही कर पाये है। इन लोगों का कहना है कि उनका मेड सम्बन्धी विवाद उ. प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के तहत चकबन्दी में विचाराधीन चल रहा है। मगर विपक्षी इससे बेपरवाह होकर मनमानी पर उतारु है।

# एसआई रशिम का बालिकाओं से संवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेडी।** राजकीय इंटर कॉलेज में महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5. 0,के तहत एंटी रोमियो टीम उप निरीक्षक रशिम ने पहुंच कर बालि.काओं से संवाद किया तथा उनके अधिकार व सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी है।

गागलहेड़ी के बालिका राजकीय इंटर कॉलेज में पहुंची एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं से संवाद कर नये कानूनों व अधिकारो के बारे में जानकारी दी है। उपनिरीक्षक रशिम व महिला आरक्षी अक्षी, महिला रिक्रूट आरक्षी मीनू द्वारा कस्बा गागलहेडी राजकीय इंटर कॉलेज में छात्राओं से उनकी समस्या पूछी गई। उन्होने कहा कि किसी भी महिला व छात्रा को आते जाते कोई परेशान करता है तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दे।

# सहारनपुर, नानौता, रामपुर मनिहारान में श्रद्धाभाव से मनाई श्री शनि देवी जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के हिरन मरान स्थित मोहल्ला डाकोतान के श्री भृगेश्वर शिव शनि मंदिर में मंगलवार को शनि जयंती का पर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

सुबह सबसे पहले आचार्य राम प्रसाद पंडित के सान्निध्य में शनि देव का विधिवत अभिषेक और पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने तेल, काले तिल, उड़द और नीले फूल चढ़ाकर शनि भगवान से सुख-शांति और कष्ट निवारण का आशीर्वाद मांगा। शनि चालीसा और शनि मंत्रों का सामूहिक पाठ भी किया गया। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था में शिव कुमार शर्मा, सतीश शर्मा और अनिल शर्मा का विशेष सहयोग रहा।








**नानौता।** नानौता नगर के दिल्ली रोड पर स्थित सिद्धपीठ श्री शनिधाम मंदिर में श्री शनि महाराज की जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य यजमान अनुज सैनी व उनकी पत्नी सारिका सैनी द्वारा हवन पूजा कर श्री शनि महाराज को स्नान कराकर उन्हें चोला पहनाया गया। इसके पश्चात आरती कर शनि महाराज को भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। पूजन करा रहे पंडित राजकुमार शर्मा ने कहा कि शनि जयंती के दिन वट-सावित्री व्रत भी होता है। हिन्दू पंचाग के अनुसार हर साल ज्येष्ठ अमावस्या के दिन श्रीशनिदेव भगवान का जन्मदिन मनाया जाता है। मान्यता है कि सिद्धपीठ श्री शनिधाम ननौता में जो भी व्यक्ति श्री शनि महाराज से मनौती मांगता है भगवान उसकी इच्छा अवश्य पूरी करते है।

इस दौरान मंदिर में पंडित अमित शर्मा, पंडित मांगेराम, पंडित अंकुर, विक्रांत सैनी, भूपेंद्र, प्रवीण, भीम, नरेंद्र भगत जी, अमित, अक्षय, राजेंद्र, सतीश, रुचिन, प्रियम, उर्मिला, पूनम, रचना, मीनाक्षी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

रामपुर मनिहारान। शनिदेव जयंती नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों में धूमधाम से मनाई गई। जगह जगह श्रद्धालुओं ने शनि देव की पूजा अर्चना की।

शनिवार को मौहल्ला कायस्थान स्थित प्राचीन रघुनाथ मंदिर डिप्टन वाला में श्री शनि देव जयंती के अवसर पर प्रातः काल पूजन हवन के बाद श्री शनि देव की ध्वज यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने ध्वज यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया। विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।मंदिर समिति के अध्यक्ष अनुज शर्मा टिंकू ने कहा कि भगवान शनिदेव राजा को रंक और रंक को राजा बनाने वाले और आधुनिक युग के न्यायाधीश हैं। पुजारी पंडित सुखपाल ने कहा भगवान शनिदेव सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक,आध्यात्मिक, प्रशासनिक, विद्या व्यापार आदि में स्थापित ऊंचाई देने वाले हैं। श्री बाला. जी धाम मंदिर में शनि शिला की पूजा अर्चना के बाद समिति द्वारा हलवा वितरण किया गया।

इस दौरान सोनू, अंकित सभासद, अमित सैनी उर्फ छोटू सभासद, संदीप मित्तल, गौरव मित्तल, कुलदीप चौधरी, अंकित कुमार सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पीवीवीएनएल एमडी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

शाहटाइम्स संवाददाता

**खतौली।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) के प्रबंध निदेशक रवीश कुमार गुप्ता ने शनिवार को खतौली बिजलीघर का औचक निरीक्षण कर विभागीय कार्यप्रणाली की समीक्षा की। एमडी के अचानक पहुंचने से बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में हलचल मच गई।



निरीक्षण के दौरान एमडी ने बिजलीघर परिसर में लगाए गए शिकायत एवं समाधान शिविर का निरीक्षण किया और वहां पहुंचे उपभोक्ताओं से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उपभोक्ताओं ने बिजली बिलों में त्रुटि, स्मार्ट मीटर, खराब मीटर, नए कनेक्शन, कम वोल्टेज और बार-बार बिजली कटौती जैसी समस्याएं रखीं। एमडी रवीश कुमार गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को छोटी समस्याओं के लिए बार-बार बिजलीघरों के चक्कर न लगाने पड़ें। लंबित शिकायतों की सूची तैयार कर उनका जल्द निस्तारण कराया जाए। उन्होंने एकमुश्त समाधान योजना की प्रगति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को अधिक से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं तक योजना का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। एमडी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक फायदा तभी मिलेगा, जब विभागीय टीमें गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेंगी। राजस्व वसूली को लेकर भी एमडी ने अधिकारियों को गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान एक्सईएन देवेंद्र कुमार और एसडीओ अजय शर्मा ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर प्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि जिन मीटरों के तेजी से चलने की शिकायतें मिली थीं, उनकी तकनीकी जांच कराई गई, लेकिन किसी प्रकार की खराबी नहीं मिली। अधिकारियों ने बताया कि 15 जून से 30 जून तक विशेष शिकायत एवं समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। एमडी ने शिविर व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का रिकॉर्ड रखा जाए और उसका संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# अपनी समीक्षा, संसार की परीक्षा और भगवान की प्रतीक्षा करनी चाहिए : राघव ऋषि

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरापुर।** कस्बे के प्रसिद्ध भूमिया मंदिर में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योगी शौलनाथ जी पहुंचे, जिन्होंने पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ कराया। कथा व्यास राघव ऋषि ने सती एवं ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार और जीवन मूल्यों का संदेश दिया।

कथा के दौरान राघव ऋषि ने कहा कि मनुष्य को हमेशा अपनी समीक्षा, संसार की परीक्षा और भगवान की प्रतीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि माता सती ने भगवान शंकर की उपेक्षा कर भगवान राम की परीक्षा ली थी, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अग्नि में अपने प्राण त्यागने पड़े। उन्होंने कहा कि भगवान और भक्त के संबंध अत्यंत पवित्र होते हैं तथा किसी भी व्यक्ति को अपने इष्ट का अपमान सहन नहीं होता। गृहस्थ जीवन पर प्रवचन देते हुए कथा व्यास ने कहा कि बच्चों में संस्कार उनके माता-पिता के व्यवहार से बनते हैं।

यदि परिवार का वातावरण अच्छा होगा तो बच्चे भी संस्कारवान बनेंगे, अन्यथा वे गलत मार्ग पर जाकर समाज को कष्ट पहुंचा सकते हैं। उन्होंने भगवान शंकर द्वारा सती के त्याग का प्रसंग सुनाते हुए श्रद्धालुओं को धर्म और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में योगी श्यामनाथ, प्रदमुन शर्मा, सुबोध दूबे, चन्द्रपाल धीमान, धनश्याम दास अग्रवाल, तिलकराम प्रजापति, संजय माहेश्वरी, अमरदीप, ब्रिजेश चौधरी, ईश्वर सैनी, सागर प्रजापति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सीएचसी शाहपुर प्रभारी के कार्यकाल में बढ़ी मरीजों की संख्या

**शाहपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. ओपी जायसवाल ने अपने कार्य, व्यवहार और दृष्टिकोण से एक ऐसी पहचान स्थापित की है, जो सामान्य प्रशासनिक छवि से कहीं आगे जाकर मानवीय संवेदनाओं को भी स्पर्श करती है। एक अधिकारी के रूप में उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने अपने पद को केवल दायित्व नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम माना है। उनकी कार्यशैली में शालीनता, सरलता और व्यवहार कुशलता का ऐसा संतुलन देखने को मिलता है, जो अधीनस्थों के लिए प्रेरणा और आमजन के लिए भरोसे का आधार बनता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. ओपी जायसवाल ने प्रशासनिक पारदर्शिता को अपने कार्य का मूल आधार बनाया है। स्वास्थ्य विभाग जैसे संवेदनशील क्षेत्र में जहां छोटी सी चूक भी बड़े परिणाम ला सकती है। शाहपुर क्षेत्र का चिकित्सालय आज जिस सकारात्मक छवि के साथ पहचाना जाता है, उसमें डॉ. ओपी जायसवाल के प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अस्पताल में व्यवस्थाओं का सुधरना, सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि और मरीजों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण,ये सभी बदलाव उनकी दूरदर्शिता और निरंतर निगरानी का परिणाम हैं। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि अस्पताल केवल इलाज का केंद्र न होकर, मरीजों के लिए भरोसे और राहत का स्थान बने। उनकी सबसे उल्लेखनीय विशेषता उनका मरीजों के प्रति व्यवहार है। अक्सर देखा जाता है कि उच्च पदों पर बैठे अधिकारी आम लोगों से दूरी बनाए रखते हैं, लेकिन डॉ. ओपी जायसवाल इस धारणा को तोड़ते नजर आते हैं वे मरीजों से सीधे संवाद करते हैं, उनकी समस्याएं



सुनते हैं और समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। यही कारण है कि मरीज उनसे मिलने में सहज महसूस करते हैं और अपनी बीमारी को खुलकर साझा करते हैं। उनका मृदुभाषी स्वभाव और संवेदनशीलता मरीजों के मन में बिश्वास जगाती है, जो किसी भी चिकित्सकीय सेवा का सबसे महत्वपूर्ण आधार होता है।उनके नेतृत्व में क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं में व्यापक सुधार देखने को मिला है। न केवल बुनियादी सुविधाओं को बेहतर किया गया है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों का बिश्वास भी मजबूत हुआ है। यह परिवर्तन केवल संसाधनों के बढ़ने से नहीं, बल्कि सही दिशा में किए गए प्रयासों और ईमानदार नीयत का परिणाम है। डॉ. ओपी जायसवाल कार्यशैली यह दर्शाती है कि यदि एक अधिकारी अपने दायित्व को सेवा और संवेदना के साथ निभाए, तो वह न केवल व्यवस्था में सुधार ला सकता है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत नींव भी रख सकता है। शाहपुर क्षेत्र में उनका योगदान केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि सच्ची निष्ठा और समर्पण से किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध आइसक्रीम फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी छापेमारी

**मीरापुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा अवैध रूप से संचालित एक आइसक्रीम फैक्ट्री पर छापेमारी किए जाने से पूरे कस्बे में हड़कंप मच गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल चौधरी ने टीम के साथ स्टेट बैंक के पीछे चल रही हएवन आइसक्रीम फैक्ट्री पर अचानक कार्रवाई की। बताया गया कि यह फैक्ट्री आमिर नामक व्यक्ति द्वारा संचालित की जा रही थी, जहां खाद्य सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही थी। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री में भारी गंदगी, अव्यवस्थित माहौल तथा एक्सपायरी दूध के पैकेट सहित कई संदिग्ध खाद्य सामग्री बरामद हुई। जांच में यह भी सामने आया कि फैक्ट्री के पास न तो कोई वैध सरकारी लाइसेंस था और न ही पानी की शुद्धता अथवा खाद्य सुरक्षा संबंधी कोई प्रमाण पत्र उपलब्ध था। खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर ही आइसक्रीम निर्माण की प्रक्रिया को पूर्ण रूप से बंद करवा दिया तथा फैक्ट्री संचालक को नोटिस जारी किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विभाग को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि फैक्ट्री में बेहद खराब परिस्थितियों में बड़े पैमाने पर आइसक्रीम बनाई जा रही है, जिससे नागरिको विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार ऐसी आइसक्रीम खाने से बच्चों में बुखार, गले और पेट संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। फैक्ट्री पर कार्रवाई के बाद टीम ने कस्बे की एक डेयरी पर भी जांच की, जहां सभी सामान सही पाए गए। वहीं छापेमारी की खबर फैलते ही कस्बे के कई दूध विक्रेता, डेयरी संचालक और खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। बाद में टीम के कस्बे से बाहर निकलने के बाद ही अधिकांश दुकानदारों ने अपने शटर खोले। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल चौधरी ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। गौरतलब है कि मीरापुर क्षेत्र के ग्राम कैथोडा, मुकल्लमपुरा, दायमपुरा, मुझेडा आदि में दर्जनो फैक्ट्रियां इस प्रकार की अवैध रूप से चल रही हैं।

### पुलिस ने छह जुआरी गिरफ्तार कर जेल भेजे

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के गांव भसाना में स्थित एक पीर के पीछे खुले आसमान के नीचे जुआ खेलते हुए छह लोगों को गिरफ्तार कर बुढ़ाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बुढ़ाना पुलिस ने मौके से 23 सौ रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद कर सभी को जेल भेज दिया है। इस दौरान जुआरियों ने भागने का पूरा प्रयास किया लेकिन जुआरी भागने में नाकामयाब रहे। बुढ़ाना पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में हरेन्द्र पुत्र हरपाल सिंह निवासी गांव कुटबा, सूरज पुत्र श्रीराम सिंह निवासी गांव अलीपुर अटेरना, अन्जाना पुत्र लाल खां निवासी गांव भसाना, जान मौहम्मद पुत्र सुलेमान निवासी गांव भसाना, कुंवरपाल पुत्र लच्छीराम निवासी गांव मदीनपुर खिजरपुर और विनोद कुमार पुत्र चंदन निवासी गांव भसाना हैं। उमरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज मोहित कुमार तेवतिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने किसी मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर भसाना पीर के पीछे भठे के पास पेड़ के नीचे छापा मारा था। वहां सफेद प्लास्टिक के कटे की फड़ पर ये जुआ चल रहा था। तभी बुढ़ाना पुलिस ने घेराबंदी करते हुए सभी छह जुआरियों को मौके से दबोच लिया। इस बारे में बुढाना पुलिस ने बताया कि बुढ़ाना क्षेत्र में जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक के लिए उनका ये अभियान लगातार जारी रहेगा।

### स्मार्ट मीटर को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में विद्युत संयोजनो पर स्थापित किये जा रहे स्मार्ट मीटरों के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान चलाने हेतु 15 मई से 30 मई तक प्रत्येक कार्यदिवस में समय प्रात: 10.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक विशेष (Dedicated) काउन्टर / कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित कैम्पो के कुशल संचालन एवं उपभोक्ताओ की समस्याओ के निदान किये जाने का निरीक्षण आज दिनांक 16.05.2026 को श्री रवीश गुप्ता, प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि., मेरठ द्वारा खतौली टाउन में आयोजित कैम्पों का निरीक्षण किया गया एवं कैम्प में उपस्थित उपभोक्ताओ को स्मार्ट मीटर की उपयोगिता से अवगत कराते हुए सम्बन्धित समस्याओ का निस्तारण हेतु कैम्प में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जागरूक उपभोक्ता बनने का अनुरोध किया गया।समस्त सम्मानित उपभोक्ताओ को यह भी अवगत कराना है कि विद्युत वितरण खण्ड, खतौली के अन्तर्गत कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, खतौली एवं कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड खतौली द्धटाउनत्र पर एवं विद्युत वितरण खण्ड, बुढाना के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र बुढाना टाउन एवं शाहपुर, बुढाना ग्रामीण, ग्राम जौला, ग्राम लाई एवं ग्राम चन्धेडी में स्मार्ट मीटर से सम्बन्धित समस्याओं एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओ के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु विशेष द्धक्मकपबंजमकत्र काउन्टर / कैम्प का आयोजन किया गया है जिसमे उपभोक्ताओ से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठायें।

### हाई ब्लड प्रेशर तेजी से फैलने वाली बीमारी : डा.गोयल

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) विषय पर एक विशेष गेस्ट लेक्चर एव जागरूक रेली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं युवाओं को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। आज के समय में हाइपरटेंशन एक अत्यंत गंभीर एवं तेजी से फैलने वाली बीमारी बन चुकी है, जिससे भारत सहित पूरे विश्व में लाखों लोग प्रभावित हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि प्रशिद्ध सर्जन इवान हॉस्पिटल डॉ. मदन मोहन झा, विशिष्ट अतिथि कमलकांत भारद्वाज( डीएसएन), ज्ञान प्रकाश मिश्रा ( सेल्स ऑफिसर) एव डॉ. गिरेन्द्र कुमार गौतम (निदेशक श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके की। यह हाइपरटेंशन अवेयरनेस प्रोग्राम ग्लेन मार्क कम्पनी के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमे एडवांस टेक्नोलोजी के माध्यम से ब्लड प्रेसर किस प्रकार ज्ञात कर सकते है यह भी बताया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मदन मोहन झा ने छात्रो को संबोधित करते हुए हाई ब्लड प्रेशर की गंभीरता पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली, मानसिक तनाव, अनियमित दिनचर्या तथा असंतुलित खान-पान के कारण हाइपरटेंशन के मरीजों की

# पूर्व विधायक ने छात्रा के घर पहुंचकर दी बधाई

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना की होनहार बेटी आकांक्षी चौधरी ने सीबीएसई बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे मुजफ्फरनगर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गुडू सहरावत की पुत्री आकांक्षी की इस अभूतपूर्व उपलब्धि से बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में जश्न का माहौल है। सफलता की खबर मिलते ही पूर्व विधायक उमेश मलिक शनिवार को आकांक्षी के आवास पर पहुंचे। उन्होंने होनहार छात्रा को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा आकांक्षी ने साबित कर दिया कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। इसकी मेहनत और लगन पूरे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा है। आकांक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने बताया कि वह रोज 8 घंटे की पढ़ाई करती थी और लक्ष्य आईएएस बनकर देश की सेवा करना है। इस अवसर पर भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमैन विनोद सैनी, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजपाल सहरावत, अंकुश राठी, अंकुश तोमर, विपुल तोमर, विरेन्द्र राणा उर्फ ट्रंप समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने आकांक्षी को बुके देकर सम्मानित किया और उसके स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

# भीषण गर्मी में मुल्तानी संगठन ने पिलाया शरबत

**खतौली।** बढ़ती गर्मी और तेज धूप के बीच लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मुल्तानी समाजसेवी संगठन ग्रुप की ओर से शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राहगीरों, मजदूरों और आम लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई गई।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि समिति लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है और अपने निजी सहयोग से जनसेवा के कार्य लगातार करती आ रही है। उन्होंने कहा कि समाज और बिरादरी का इसी प्रकार सहयोग मिलता रहा तो भविष्य में भी जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। समिति के सदर हाजी नसीम राय ने कहा कि संगठन बिना किसी ऊंच-नीच और जात-पात के समाज सेवा के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है।कार्यक्रम में नायब सदर जमीरउद्दीन, संगठन के सेक्रेटरी मिर्जा नौशाद, कोषाध्यक्ष मिर्जा अफजाल कुसावले तथा संचालक प्रभारी शाहनवाज मिर्जा सरधना वाले ने सक्रिय सहयोग दिया। इसके अलावा खतौली बुढ़ाना रोड क्षेत्र के लोगों का भी कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। शरबत वितरण के दौरान लोगों ने संगठन के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे गर्मी में राहत पहुंचाने वाली सराहनीय पहल बताया।

### पेटीएम से 20 हजार रुपये निकाले

**मीरापुर।** कस्बे के एक युवक के बैंक खाते से बिना अनुमति पेटीएम एप के माध्यम से 20 हजार रुपये निकाले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में साइबर सेल प्रभारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मीरापुर निवासी संजय कुमार पुत्र ज्ञान सिंह ने साइबर सेल प्रभारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि दिनांक 15 मई को 12 बजे उसके खाते से बिना उसकी जानकारी और अनुमति के 20 हजार रुपये पेटीएम एप के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए गए। पीड़ित को इस घटना की जानकारी उस समय हुई जब वह पीएनबी मीरापुर शाखा में पैसे निकालने पहुंचा। बैंक कर्मचारियों द्वारा खाते की जानकारी देने पर पता चला कि उसके खाते से उक्त राशि किसी अन्य खाते में भेजी गई है।

# डीएम ने किया किरायेदारी सूचना पोर्टल का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गजेन्द्र कुमार द्वारा उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम, 2021 के कड़ाई से अनुपालन और नागरिक सुविधाओं के सरलीकरण हेतु किरायेदारी सूचना पोर्टल का आधिकारिक रूप से शुभारंभ कर दिया गया है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में नागरिकों को अधिनियम के अंतर्गत किरायेदारी की लिखित सूचना (अनुसूची के प्रपत्र में) भौतिक रूप से आकर किराया प्राधिकरण कार्यालय में जमा करनी पड़ती थी। शासन के आमजमानस को डिजिटल माध्यम से विभिन्न सर्विसेस लास्ट माइल डिलीवरी सुनिश्चित करने की मंशानुसार जिलाधिकारी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गजेंद्र कुमार के निकट पर्यवेक्षण में ई-गवर्नेस सेल द्वारा यह पोर्टल विकसित किया गया है। इस डिजिटल पोर्टल के प्रारंभ होने से अब जिले के समस्त भू-स्वामी (मकान मालिक) और किरायेदार घर बैठे ही अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

### अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी होगा डिजिटल प्रमाण पत्र

पोर्टल की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी देते हुए स्पष्ट किया गया कि नागरिकों द्वारा पोर्टल पर षकिरायेदारी सूचना आवेदन प्रपत्र के अंतर्गत भू-स्वामी, किरायेदार एवं संपत्ति प्रबंधक (यदि कोई हो) का पूर्ण विवरण, मासिक किराया, फर्नीचर की सूची, बिजली-पानी के प्रभार तथा अनुबंध की अवधि दर्ज करनी होगी। इसके साथ ही किरायेदारी करार, दोनों पक्षों के पहचान पत्र तथा हस्ताक्षरयुक्त फोटो को ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। प्राधिकरण स्तर पर दस्तावेजों की ऑनलाइन समीक्षा के उपरांत षकिराया प्राधिकरण / न्यायालय एडीएम के डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त षकिरायेदारी सूचना प्रमाणपत्र स्वत: जनरेट हो जाएगा

### आईक्यूआर कोड आधारित सुरक्षा प्रणाली

इस पर एक अनूठा आईक्यूआर कोड अंकित होगा। पुलिस विभाग या कोई भी प्रशासनिक अधिकारी सड़क पर या फील्ड में रहते हुए भी मात्र 2 सेकंड में इस फत कोड को स्कैन करके किरायेदार के विवरण और प्रमाणपत्र की प्रामाणिकता की सत्यापन जांच कर सकेगा।

**पोर्टल के मुख्य लाभ**

समय की बचत- भू-स्वामियों और किरायेदारों को किसी भी सरकारी कार्यालय या न्यायालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। पारदर्शिता 'रू आवेदन पेंडिंग है या स्वीकृत हो चुका है, इसकी लाइव स्थिति मोबाइल पर देखी जा सकती है।सुरक्षा सुख्रढ़ीकरण जिले में रह रहे समस्त किरायेदारों का एक प्रामाणिक डिजिटल डेटाबेस तैयार होगा, जिससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में बड़ी मदद मिलेगी।

### मुजफ्फरनगर को स्मार्ट सिटी बनाना हमारी प्राथमिकता : कपिल देव

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश सरकार की विकासोन्मुख नीतियों को धरातल पर उतारते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुजफ्फरनगर को हस्मार्ट सिटीह के रूप में विकसित करने के लिए ठोस पहल की है। इसी क्रम में उन्होंने जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को निर्देशित किया है कि सभी संबंधित विभागों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक शीघ्र आहूत की जाए, ताकि नगर के समग्र विकास की दिशा में तेज गति से कार्य किया जा सके। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक शहर को आधुनिक, स्वच्छ और सुविधायुक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर को भी एक आदर्श हस्मार्ट सिटीह के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां नागरिकों को बेहतर सड़कें, स्वच्छ वातावरण, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण पेयजल और आकर्षक शहरी सौंदर्यकरण की सुविधाएं उपलब्ध हों। निर्देशानुसार, दिनांक 18 मई 2026 को दोपहर 12रू30 बजे विकास भवन, मुजफ्फरनगर में मंत्री कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्धडक।त्र, जल निगम, लोक निर्माण विभाग , विद्युत विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं जिला उद्योग प्रोत्साहन केंद्र सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के साथ बैठक में उपस्थित हों और विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को स्पष्ट रूप से चिन्हित करें। उन्होंने यह भी कहा कि बैठक में समस्याओं के समाधान हेतु समयबद्ध एवं परिणामोन्मुख कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

# एसएसपी ने राजपत्रित अधिकारियों को बांटे टेबलेट

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में 220 टैबलेट का वितरण किया गया। उक्त टैबलेट जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं समस्त थानों पर नियुक्त विवेचकों को वितरित किए गए हैं, जिससे विवेचना कार्य को और अधिक आधुनिक, प्रभावी एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाया जा सके।

वितरित किए गए टैबलेट के साथ कीबोर्ड की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिसका उपयोग आवश्यकता अनुसार अलग से किया जा सकेगा। इन टैबलेट्स का उपयोग तीनों नए आपराधिक कानूनों के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन, ई-साक्ष्य एप, यक्ष ऐप, केस डायरी लेखन, डिजिटल साक्ष्य संकलन, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, अभियोगों की मॉनिटरिंग एवं अन्य तकनीकी पुलिसिंग कार्यों में किया जाएगा।इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी उपस्थित अधिकारियों एवं विवेचकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि पुलिस विवेचना प्रणाली को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इन टैबलेट्स के माध्यम से अब केस डायरी तैयार करना, दस्तावेजों का संकलन, डिजिटल साक्ष्यों का सुरक्षित संरक्षण, ई-साक्ष्य एप पर घटनास्थल से साक्ष्य अपलोड करना, यक्ष ऐप के माध्यम से अपराधियों का सत्यापन एवं विभिन्न पोर्टलों पर त्वरित अपडेट जैसे कार्य अधिक तेजी, पारदर्शिता एवं सटीकता के साथ किए जा सकेंगे।



इससे विवेचनाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा ।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन ने भी उपस्थित अधिकारियों एवं विवेचकों को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग से विवेचना प्रणाली अधिक मजबूत एवं पारदर्शी बनेगी तथा आमजन को त्वरित न्याय दिलाने में सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने सभी को टैबलेट एवं विभिन्न पुलिस एप्स का नियमित एवं प्रभावी उपयोग करने हेतु प्रेरित किया।

### स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र की जमीन पर कब्जे का आरोप

**खतौली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मोहिउद्दीनपुर में सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने गांव के प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक शौचालय की भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिला प्रशासन को शिकायती पत्र सौंपा।

शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में दर्जनों ग्रामीण मुख्यमंत्री के नाम संबोधित शिकायत लेकर पहुंचे। ग्रामीणों ने सहारनपुर मंडलायुक्त और जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा को दिए पत्र में बताया कि ग्राम मोहिउद्दीनपुर स्थित खसरा संख्या 163 रकबा 0.1230 हेक्टेयर तथा खसरा संख्या 164 रकबा 0.1330 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है। इसी भूमि पर गांव का प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सार्वजनिक शौचालय संचालित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कुछ दबंग एवं रसूखदार लोगों ने सरकारी भूमि के पिछले हिस्से पर अवैध कब्जा कर दीवार खड़ी कर ली है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी 7 अप्रैल 2026 को जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को शिकायत दी गई थी, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अवैध निर्माण कार्य लगातार जारी है। शिकायतकर्ता आस मोहम्मद पुत्र अब्दुल हमीद एवं अन्य ग्रामीणों ने मांग की कि राजस्व विभाग की टीम भेजकर संबंधित खसरा नंबरों की पैमाइश कराई जाए। साथ ही जांच से एक दिन पूर्व गांव में ढोल बजवाकर सूचना दी जाए, ताकि ग्रामीण पारदशह्न तरीके से मौके पर मौजूद रह सकें। ग्रामीणों ने सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कर चारों ओर तारबंदी कराने की भी मांग उठाई।

# बोर्ड परीक्षा के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, के सभागार में बोर्ड परीक्षा 2026 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथि डायरेक्टर कृष्णा इस्टीयूट ऑफ टैक्नोलॉजी, मेरठ विजयराज काकरान, राजीव मुन्जाल, राजीव वर्मा, डायरेक्टर आर्यवाश एजुकेशन आर्यराज कौशिक, प्रधानाचार्य राजकीय इ0का0 डॉ0 रणवीर सिंह, अनिल शास्त्री, अंकित चौधरी एवं प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया के द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया।



बोर्ड परीक्षा कक्षा- 10 में श्रेष्ठतम् सूची में हर्षित गुप्ता, ईरम, अवनिका, वंशिका, इलमा, माही, आकाश कुमार, मोनिश त्यागी, खुशी सहरावत, अर्चित सैनी एवं बोर्ड परीक्षा में कक्षा-12 में जिले में 9 वां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आँचल सैनी एवं साथ ही साथ विद्यालय में श्रेष्ठतम् सूची में आयशा, हर्षित कुमार, सादिका रहामान, वंशिका, आर्यन, मन्तशा, वंशिका, सृष्टि रूहेला, प्रिया, अश्वनी को स्मृति चिह्न, प्रमाण-पत्र एवं अंगवस्त्र पहनाकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। अंकित चौधरी ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को जीवन में ऐसे श्रेष्ठ कार्य करने चाहिए जिससे माता-पिता अपने बच्चों पर गर्व महसूस करें। आर्यन राज कौशिका ने कहा कि हमें अच्छी संगत, श्रेष्ठ विचारों के साथ अच्छा इंसान बनने की राह चुननी चाहिए, तो अपने लक्ष्य को चुनकर उस पर निरन्तर परिश्रम करते रहना चाहिए, क्योंकि छात्र जीवन त्याग का जीवन है, यही हमें आगे ले जाकर सफलता की राह दिखायेगा। राजीव वर्मा एवं राजीव मुन्जाल ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया कि आज आप जिस मुकाम पर पहुँचे है उस मुकाम पर पहुँचाने में विद्यालय प्रशासन आपके शिक्षकों और माता-पिता का बहुत बडा योगदान है, आप हमेशा उनके ख्र तज्ञ रहे, अब आप जितनी मेहनत कर लोगें, आपकी जिन्दगी आराम से कटेगी। आप सभी बहुत सौभाग्यशाली है जो शिक्षा दूर-दूर शहरों में जाकर प्राप्त की जाती है उससे भी बेहतर शिक्षा आप अपने गांव में ही प्राप्त कर रहे है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रईस, शाहनवाज, मसूद होंगे कांग्रेस में शामिल

## विधानसभा चुनाव 2027 के लिए सांसद इमरान ने बुना सियासी ताना बाना, जातीय समीकरण बैठाने की कोशिश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विधानसभा चुनाव 2027 से पहले ही कांग्रेस सांसद अपना सियासी तानाबाना बनाने में लगे है। 18 मई को होने वाला कार्यकर्ता सम्मेलन इसी कडी का एक हिस्सा है। जिसके जरिये इमरान मसूद एक तरह से सियासत की शतरंजी चाल चलेंगे। इस सम्मेलन में बसपा, सपा से दिग्गज नेता भी कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा करेंगे।

18 मई को गागलहेडी में होने वाला कार्यकर्ता सम्मेलन कई सियासी मायने रखने वाला है। सम्मेलन से एक तरफ तो जिले में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी तो दूसरी ओर इमरान मसूद इससे अपना सियासी तानाबान बुनने वाले है। दशकों से जिले में राज करने वाला काजी परिवार एक बार फिर विधानसभा चुनाव 2027 से पहले मतदाताओं को लामबंद करने की शुरूआत करने वाला है।





**18 मई को गागलहेडी में होने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिये जिले में पार्टी मजबूत करने की कवायद**

सम्मेलन में सपा एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व विधायक मसूद अख्तर व बसपा के कद्दावर नेता रईस मलिक कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा करेंगे। इसके अलावा कई अन्य नेता भी इमरान मसूद के साथ कांग्रेस में अपनी आस्था जतायेंगे। इससे पूर्व गुर्जरों के सिरमौर रहे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष इरशाद चौधरी व दलित नेताओं में शुमार पूर्व सांसद जगपाल के बेटे विवेककांत सिंह भी इमरान के साथ आ चुके है।

जिले के अंदर मुस्लिमों में गाडा और तेली वोट बहुतायत में है। जो इमरान मसूद के लिये विधानसभा में काफी मुफीद रहेगा। इसलिये इमरान मसूद जातीय समीकरण के आधार पर सातों विधानसभा सीटों पर दांव खेलेंगे। पूर्व विधायक मसूद अख्तर जहां गाडा बिरादरी के रूप में एक मजबूत चेहरा है वहीं तेली बिरादरी से रईस मलिक भी बडी पहचान रखते है।

इसके अलावा पठानों से शाहनवाज खान और मुस्लिम गुर्जर में पूर्व चेयरमैन इरशाद चौधरी महत्वपूर्ण चेहरा है। कांग्रेस के प्रमुख सिपहेसालार 18 मई को होने वाले इस कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों में पूरी तरह जुटे हुए है और वह कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिये एक बडी रैली का रूप दिखाकर जिले में कांग्रेस की हवा को बल देने के प्रयास में जुटे है। अब देखना यह है कि 18 मई को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में और कौन कौन नेता इमरान के संग आयेंगे।

# मेयर ने ईंधन बचाने की दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वैश्विकं इंधन के संकट से निपटने के लिए नगर निगम में बुलायी गयी बैठक में आज शाम महापौर डॉ. अजय कुमार अपनी परंपरागत सरकारी गाड़ी छोड़कर इलेक्ट्रिक कार से निगम पहुंचे और सभी अधिकारियों को बिजली, पैट्रोल-डीजल आदि ईंधन बचाने की शपथ दिलायी।

नगरायुक्त शिपू गिरि व ट्रेनी आईएएस रामबरोस सरन सहित सभी अधिकारियों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने अधिकारियों को अनावश्यक यात्राध्विदेश यात्रा न करने, अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने व ऑफिस आने-जाने के लिए भी कार-पूलिंग करने, परिवार में खाद्य तेलों की खपत कम करने, विदेशी ब्रांडेड वस्तुओं पर निर्भरता कम कर स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने, स्वयं तथा अपने सगे सम्बंधियों और मित्रजनों को शादी-विवाह में सोना न खरीदने या कम से कम सोना खरीद के लिए प्रेरित करने तथा खेती करने वाले अपने परिचितों को रासायनिक उर्वरकों को छोड़कर प्राकृतिक और जैविक खाद अपनाने के लिए प्रेरित करने आदि की शपथ दिलायी। उपसभापति मयंक गर्ग, पार्षद दिग्विजय चौहान व अमित त्यागी, अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव व मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार व मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद सहित आदि शामिल रहे।

# पूर्व मंत्री डा. धर्मसिंह ने मेधावियों को बांटे पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** कस्बे में देहराद.ून रोड स्थित एचबीएच इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र छात्राओं को पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ धर्म सिंह सैनी व एससीएसटी आयोग सदस्य महिपाल वाल्मीकि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



देहरादून रोड स्थित कालेज परिसर में शनिवार दोपहर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ धर्म सिंह सैनी व एससीएसटी आयोग सदस्य महिपाल वाल्मीकि ने बोर्ड परीक्षा में सफल कक्षा दस व बारह के छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री व भाजपा नेता डॉ धर्म सिंह सैनी व एससीएसटी आयोग सदस्य महिपाल वाल्मीकि ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर कर हम समाज व देश को विकसित बना सकते है। उंन्होने बच्चो से ओर अधिक मेहनत करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य वाजिद अली व डायरेक्टर निशांत अली ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य वाजिद अली, संजय यादव, रमेश चंद शर्मा, जीराम, गौरव चौधरी, डॉ हुमैरा अंजुम, नीरज चौधरी, आशीष सैनी, चांदनी राव, सलीम, योगेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शोकसभा में मरहूमीन के लिए इसाले सवाब किया पेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामा मस्जिद कलां में जुमे की नमाज के बाद एक शोक सभा का आयोजन किया गया।



शोक सभा में मशहूर दीन व मिल्लत से जुड़ी हस्तियों मरहूम सूफी बुजुर्ग अजीज हसन एडवोकेट, जामिया मजाहिर उलूम के रुक्न-ए-शूरा मौलाना मोहम्मद आरिफ कासमी इब्राहीमी और ऑल इंडिया मिली काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना हकीम अब्दुल्ला मुगीसी समेत अन्य मरहूमीन के लिए कुरआनखानी कर ईसाले सवाब किया गया तथा उनके दर्जात बुलंद करने के लिए खास दुआएं मांगी गईं। जामा मस्जिद के वाइज और जामिया मजाहिर उलूम के सदर मुफ्ती मकसूद अहमद ने मरहूमीन की दीन, तालीमी, मिल्ली, समाजी और इस्लाही सेवाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इन हस्तियों ने अपनी पूरी जिंदगी उम्मत की खिदमत, दीन की बेदारी और समाज सुधार के लिए समर्पित कर दी। उन्होंने कहा कि मरहूमीन की सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जामा मस्जिद के मैनेजर मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी ने किया। उन्होंने अजीज हसन एडवोकेट, मौलाना मोहम्मद आरिफ कासमी और मौलाना हकीम अब्दुल्ला मुगीसी की मुल्क व मिल्लत के लिए दी गई निस्वार्थ दीन, ताल.ीमी, मिल्ली, समाजी और इस्लाही सेवाओं का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि इन हस्तियों ने हमेशा इखलास और लगन के साथ कौम की रहनुमाई की। उन्होंने उपस्थित लोगों से मरहूमीन के लिए खास दुआओं का एहतेमाम करने की अपील भी की।

शोक सभा में हाजी एम शाहिद जुबैरी, मसूद, बदर, अबू. बकर शिब्ली, चौधरी मुजफ्फर अली, मास्टर एहसान, मास्टर महमूद, हाजी अकबर, डॉ. शाहकार खान, आलम बख्शी, मास्टर इकबाल, नवाब अंसारी, हाजी बहार खान और अनवर वारसी समेत जामा मस्जिद के खादिम, नमाजी और शहर की अनेक प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

## स्थापना दिवस मनाया

**गंगोह।** पवित्र कंकराली सरोवर किनारे स्थित श्री बालाजी धाम का 14वां स्थापना दिवस श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया।

श्री बालाजी संकट मोचन सेवा समिति द्वारा प्रातः काल जनकल्याण एवं विश्व शांति के लिए संकट मोचन यज्ञ आयोजित किया। मुख्य यजमान महंत सुशील शर्मा सपत्नी सुनीता शर्मा और पुरोहित पंडित मोहनलाल शर्मा रहे। आहूतियां देने वालों में मुकेश, प्रदीप, विवेक, बिजेंद्र, अनुराग, राकेश, कुलदीप, जिजेंद्र नामदेव, प्रखर, जयसिंह, रमेश गर्ग थापा, सुनील सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। रात्रि में सुन्दरकांड पाठ के उपरान्त प्रसाद वितरण किया जायेगा।

# महानगर के 11 मण्डल प्रभारी घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा महानगर के 11 मंडलों के प्रभारी घोषित किए गए।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि भाजपा नगर विधान सभा के 6 मंडल प्रभारी में बनाये गये, जिनमें योग चुघ को भूतेश्वर मंडल प्रभारी बनाया गया, मानवेंद्र भारद्वाज को जनक मंडल का प्रभारी बनाया गया। सरदार सुपनीत सिंह को हकीकत मंडल का प्रभारी बनाया गया अनेश शर्मा को प्रताप मंडल का प्रभारी बनाया गया है। जबकि सुनील गुप्ता को शारदा मंडल का प्रभारी बनाया गया है। शैलेंद्र भूषण गुप्ता को केशव मंडल का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा देहात विधान सभा के 5 मंडल प्रभारी में घीषित किये गये है। अमित चौधरी को गागलेहडी मंडल का प्रभारी बनाया गया। टोपरी मंडल में ठाठ सिंह राणा को प्रभारी बनाया गया है। विनीत गुप्ता को कोटा मंडल का प्रभारी बनाया गया है। नीरज माहेश्वरी को पुवारका मंडल का प्रभारी बनाया गया है। विक्रम शर्मा को मानकमऊ मंडल का प्रभारी बनाया गया है।





महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कहा कि सभी घोषित मंडल प्रभारी संगठन के अनुभवी, कर्मठ एवं समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने पार्टी में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। सभी मंडल प्रभारियों के लिए सभी जनप्रतिनिधि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनियुक्त प्रभारी अपने अनुभव एवं संगठनात्मक क्षमता से मंडलों में पार्टी को और अधिक मजबूत करेंगे।

# उद्योगों के प्रोत्साहन को होगा हरसंभव प्रयासः सरन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राज्यकर विभाग के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रामभरोस सरन ने कहा कि उद्योग व उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जायेगा ताकि उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाये।



राज्यकर विभाग के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रामभरोस सरन चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा की अध्यक्षता में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की जनरल बॉडी की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामभरोस सरन (आईएएस), ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उपायुक्त उद्योग अजय त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि अधिशासी अभियंता स.पु.वि.प्रा. सार्थक शर्मा, वरिष्ठ आर्किटेक्ट मनमीत सिंह बजाज, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार कैम, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, सहारनपुर के सेल्स मैनेजर अभिषेक भदोरिया, सहायक आयुक्त प्रमोद कुमार एवं संस्था के चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा, राजेश सपरा, परमजीत सिंह, संदीप कपूर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि रामभरोस सरन (आईएएस), ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सर्वप्रथम सभी पदाधिकारियो एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ आर्किटेक्ट मनमीत सिंह बजाज, अधिशासी अभियंता स.पु.वि.प्रा. सार्थक शर्मा, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार कैम, सेल्स मैनेजर अभिषेक भदोरिया ने सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी। अंत में आईआईए के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही संस्था के साथ जुडे नये सदस्य अनमोल मल्होत्रा व पीयूश गोयल का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।

# पाइनवुड में बच्चों को बताए डोपिंग के दुष्प्रभाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फिजिलक एजुकेशन फाउंडेशन आफ इंडिया द्वारा पाइनवुड विद्यालय में राज्य स्तरीय एंटी-डोपिंग एवं पोषण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।



राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी व पाइनवुड स्कूल के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यातिथि डॉ. पीयूष जैन, पाइनवुड विद्यालय निदेशिका श्रीमती संतोष गुप्ता, प्रधानाचार्य डॉ. संजीव जैन, श्रीमती करूणा झा, दीपक गुप्ता, हरदेव सिंह, दिनेश गौर, चन्द्रशेखर राणा, गौरव कपिल, सचिन कुमार गोयल, पंकज कुमार, श्रीमती नन्दिनी रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय निदेशिका व प्रधानाचार्य ने सभी गणमान्य अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया व सभी का आभार प्रकट किया।

कार्यशाला के प्रथम सेशन में सचिन कुमार गोयल ने डोपिंग के दुष्प्रभावों के विषय में जागरुक करते हुए एंटी-डोपिंग नियमों से अवगत कराया। दूसरे सेशन में पंकज कुमार ने संतुलित पोषण के महत्त्व के प्रति जागरूक किया। विशेषज्ञ वक्ताओं ने विद्यार्थियों को उचित खान-पान, फिटनेस, खेल भावना तथा एंटी-डोपिंग नियमों की जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य आकर्षण प्रश्नोत्तर सत्र रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए डोपिंग, पोषण एवं खेलों से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जिसके लिए उन्हें पुरस्कार भी दिए गए।

विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. संजीव जैन ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# हाई बीपी साइलेंट किलरः डा. मिगलानी

## भारत में 31.5 करोड़ मरीज, 4 में से 1 व्यक्ति उच्च रक्तचाप से पीड़ित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के मौके पर नगर के प्रसिद्ध फिजिशियन 'डॉ. संजीव मिगलानी, गोल्ड मेडलिस्ट, एम.डी. (मेडिसिन) ने हाई ब्लड प्रेशर को लेकर लोगों को आगाह करते हुऐ कहा कि हाई बी.पी. एक साइलेंट किलर है। अनियंत्रित ब्लड प्रेशर हार्ट, ब्रेन व किडनी के लिए खतरनाक है।



डॉ. मिगलानी ने बताया कि विश्व में लगभग 1.4 अरब लोग उच्च रक्तचाप से ग्रस्त हैं। भारत में इसके 31.5 करोड़ मरीज हैं यानी हर 4 में से 1 व्यक्ति उच्च रक्तचाप से पीड़ित है। उन्होंने चिंता जताई कि अगर यही हाल रहा तो भारत ष्उच्च रक्तचाप की विश्व राजधानी बन जाएगा। उन्होंने बताया कि तेज सर्दियों में शरीर में 'केटीकोलामीन' का रिसाव बढ़ जाता है जिससे ब्लड प्रेशर अचानक बढ़ जाता है। इसलिए 'डॉक्टर की सलाह के बिना दवाई कभी न छोड़ें। उन्होने कहा कि सामान्य व्यक्ति का रक्तचाप 120/80 माना जाता है। 140/90 या अधिक होने पर व्यक्ति उच्च रक्तचाप से ग्रस्त माना जाता है। डॉ. मिगलानी ने अपील की कि समय पर जांच कराएं, नमक कम खाएं, रोज 30 मिनट टहलें और तनाव से बचें। हाई बीपी के लक्षण अक्सर दिखते नहीं, इसलिए 30 की उम्र के बाद साल में एक बार बीपी जरूर चेक कराएं।

अगर आपको चक्कर, सिरदर्द या सांस फूलने की शिकायत हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। सही समय पर इलाज से हार्ट अटैक, स्ट्रोक और किडनी फेल्योर से बचा जा सकता है।

## मरणोपरांत नेत्रदान

**गंगोह।** श्री भगवती मेला समिति के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता के निधन के बाद उनके परि. जनों द्वारा नेत्रदान किया गया। इस प्रेरणादायी कार्य के लिए शुक्रवार को आयोजित शोकसभा में सामा. जिक संस्था दृष्टि एक प्रयास ने उनके परिजनों को स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

संस्था के अध्यक्ष अमित गर्ग ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राकेश गुप्ता का यह कार्य समाज को लंबे समय तक मानव सेवा का संदेश देता रहेगा। उन्होंने नेत्रदान को महादान बताया। उन्होंने बताया कि राकेश गुप्ता के निधन के उपरांत उनके पुत्र विशांक गुप्ता ने परिवार की सहमति से नेत्रदान कराने का निर्णय लिया।


# पुलिस मुठभेड़ में दो गोकश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में एक घायल अवस्था सहित दो गोकश आरोपियों को गिरफ्तार किए है। गिरफ्तार एक आरोपी पर 25 हजार का इनाम भी था।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत ने बताया कि वे पुलिस के साथ जनता रोड़ पर शहाबपुर मोड पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर कर रहे थे तभी जनता रोड की ओर से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आता दिखाई दिये तो पुलिस ने उनको संदिग्ध मानते हुए रुकने का इशारा किया मगर बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति नहीं रुके और पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल मोड़कर संसारपुर गांव की तरफ भागने लगे तो पुलिस ने उनका पीछा किया कुछ दूरी पर जाकर उनकी बाइक सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर फिसल गई और वह गिर गया पुलिस को अपने ओर आता देखकर आता देख संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी पुलिस ने भी अपनी आत्म रक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई की गई तो मुठभेड़ मे एक गोकश के पैर में जा लगी पुलिस ने घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर लिया और दूसरे गौकश को भी गिरफ्तार कर कोतवाली ले आयी। मौके पर सीओ सुश्री प्रीति यादव भी पहुंची और गिरफ्तार आरोपियों से जानकारी ली। पुलिस ने घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल व्यक्ति से पुलिस ने पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम आसिफ पुत्र जलील निवासी ग्राम खिड़का भटकव्वा थाना बेहट तथा दूसरे व्यक्ति का पुलिस ने नाम पता आदिल पुत्र अल्ताफ मोहल्ला कसाबान कस्बा तथा थाना बेहट जनपद सहारनपुर बताया है।पुलिस ने घायल गोकश के कब्जे से एक बाइक एक अवैध तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारत.ूस , एक खोखा कारतूस, तथा आदिल के कब्जे से भी एक 315 बोर का अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है । सीओ सुश्री प्रीति यादव ने बताया कि घायल गोकश आसिफ 25 हजार का इनामिया बदमाश है।

# भगवान भाव के भूखेः संजय



**साढौली कदीम।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर कम्बोहमजरा में चल रही श्री राम कथा में शनिवार को कथा व्यास पंडित संजय प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए श्री राम जी के वनवास के दौरान उनका निषादराज से मिलना हुआ। उनसे मिलकर भगवान श्रीराम को निषादराज की पूर्व जन्मो की भावनाओं का स्मरण आया। उनकी इच्छा थी कि वे भगवान विष्णु के चरण स्पर्श करें जो त्रेतायुग में श्रीराम के पद-प्रक्षालन (चरण धोने) के रूप में पूरी हुई।

उन्होंने कहा कि भीलराज और अपने परम मित्र निषादराज गुह से मिलने के बाद प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मणजी प्रयागराज में त्रिवेणी संगम गए।निषादराज गुह से मिलना हमें जीवन में यह सिखाता है कि सच्चे मन से मित्रता ईश्वर से भी की जाए तो ईश्वर हमारी इच्छा पूरी करते है। उन्होंने महर्षि भारद्वाज से आशीर्वाद लिया और कूटनीतिक परामर्श लेकर उन्होंने आगे की यात्रा के लिए चित्रकूट प्रस्थान किया। उन्होंने कहा कि भगवान भक्त के भाव के भूखे होते है। इस अवसर पर बाबा गणेशनाथ, रिषीपाल, राकेश, नरेश, बाबूराम, पाल्ला पाल, विराज शर्मा, कार्तिक काम्बोज, कुशलपाल राणा, बूटाराम, केला देवी, मधु, तनु, आयुषी, रिया, काजल, पुनम आदि मौजूद रहे।

# आरटीई छात्रों के साथ हो रहा भेदभाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत अल्प आय वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा का अधिकार प्राप्त है,लेकिन इंदिरा चौक इलाके के कुछ निजी स्कूलों में आरटीई से पढ़ने वाले बच्चों के साथ भेदभाव किए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं।

इंदिरा चौक स्थित एक निजी विद्यालय में अध्ययनरत मंसूर कॉलोनी निवासी छात्र के अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि उनके बच्चे के साथ स्कूल में सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। बच्चे ने घर आकर परिजनों को बताया कि उसके विद्यालय की एक महिला शिक्षिका के द्वारा उसका अपमान किया जाता है तथा यह कहा जाता है कि - तुम लोग आरटीई के माध्यम से यहां पढ़ रहे हो,तुम्हारी फीस क्यों नहीं आती है।- अभिभावकों का कहना है कि उनके बच्चे की पढ़ाई पर जानबूझकर कम ध्यान दिया जाता है और परीक्षा में कम अंक भी दिए जाते हैं, जबकि उनका बच्चा लगातार मेहनत करता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा के दौरान बच्चों को स्कूल की ही शिक्षिकाओं के यहां ट्यूशन भी पढ़ाया जाता है,इसके बावजूद उनके बच्चों को पढ़ाई में कमजोर बताकर कम अंक दे दिए जाते हैं। अगर ऐसा है तो यह मुद्दा वास्तव में ही चिंता का विषय है,क्योंकि इस अधिनियम के अंतर्गत सभी बच्चों को समान शिक्षा पाने का अधिकार प्राप्त है, आरटीई अधिनियम के अंतर्गत किसी भी छात्र के साथ जाति,आय या वर्ग के आधार पर भेदभाव करना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। इसके अतिरिक्त आरटीई अधिनियम की धारा-24 के अनुसार शिक्षकों का दायित्व है कि वे प्रत्येक बच्चे की सीखने की क्षमता का उचित आकलन करें तथा समयबद्ध तरीके से पाठ्यक्रम पूर्ण कराएं, फिलहाल अभिभावकों का आरोप है कि इंदिरा चौक क्षेत्र के कई निजी विद्यालयों में आज भी आरटीई से पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता और उन्हें कमजोर बताकर फेल तक कर दिया जाता है।

पीड़ित अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि मामले की गोपनीय जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने वाले ऐसे सभी विद्यालयों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए।



प्रयागराज। भीषण गर्मी के दिन में लोगों को राहत देने के लिए पानी का छिड़काव करता नगर निगम का वाटर स्प्रिंकलर ट्रक।

## कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य इबोला का प्रकोप, डब्ल्यूएचओ पहुंचा रहा राहत सामग्री

**किन्शासा/ब्राजाविल।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के उत्तर-पूर्वी इटुरी प्रांत में इबोला बुंडिबुग्यो के प्रकोप की पुष्टि होने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) वहां की सरकार को दी जाने वाली सहायता को तेजी से बढ़ा रहा है। कांगो की राजधानी किन्शासा में स्थित देश की रेफरेंस लैब, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ बायोमेडिकल रिसर्च (आईएनआरबी) द्वारा किए गए लैब टेस्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि इटुरी प्रांत के मोंगबवालू और रवाम्पारा स्वास्थ्य क्षेत्रों में गंभीर बीमारी और मौतों के एक समूह से जुड़े संदिग्ध मामलों से लिए गए 13 नमूनों में से 8 में इबोला का प्रकोप बुंडिबुग्यो प्रजाति के कारण हुआ था।

# नीदरलैंड में बोले मोदी, भारत अवसरों की भूमि

## प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय से निवेश और सहयोग का किया आह्वान



■ भारत आज 'असीम आकांक्षाओं' और 'असीम प्रयासों' के साथ दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है: पीएम

**द हेग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21 वीं सदी के भारत को अवसरों की भूमि बताते हुए नीदरलैंड में भारतीय समुदाय से भारत में निवेश तथा सहयोग बढाने का आह्वान किया और विश्वास जताया कि विकसित भारत की यात्रा में वैश्विक भारतीय समुदाय की बड़ी भूमिका होगी। पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में दो दिन की यात्रा पर शुक्रवार रात यहां पहुंचे मोदी ने शनिवार को भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की।

भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने उन लोगों को दोनों देशों के संबंधों की असली ताकत तथा जीवंत सेतु करार दिया और कहा कि सरकार ने सूरीनामी हिंदुस्तानी समाज के लिए ओसीआई कार्ड पात्रता चौथी पीढ़ी से बढ़ाकर छठी पीढ़ी तक कर दी है। मोदी ने आर्थिक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र और लो. कतांत्रिक उपलब्धियों को रेखांकित किया तथा उन लोगों से भारत-नीदरलैंड संबंधों को नई ऊंचाई देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज 'असीम आकांक्षाओं' और 'असीम प्रयासों' के साथ दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड के नेताओं ने हमेशा भारतीय प्रवासी समुदाय की प्रशंसा की है और यहां रह रहे भारतीय डच समाज के लोग अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रवासियों की सांस्कृतिक जड़ों की सराहना करते हुए कहा कि पीढ़ियां बदलने और देशों की सीमाएं बदलने के बावजूद भारतीयों ने अपनी भाषा, संस्कृति, त्योहार और परंपराओं को जीवित रखा है। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय केवल प्रवास की कहानी नहीं बल्कि संघर्ष, संस्कृति और प्रगति की जीवंत मिसाल है। भारत की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। उन्होंने बताया कि 2014 में भारत में केवल चार यूनिकॉर्न थे जबकि आज यह संख्या करीब 125 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा, अंतरिक्ष और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब मोबाइल फोन निर्माण में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और देश में 12 सेमीकंडक्टर संयंत्रों पर काम चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत में अब 'डिजाइन्ड इन इंडिया' और 'मेड इन इंडिया' चिप्स का उत्पादन शुरू हो रहा है। उन्होंने डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल सार्वजनिक ढांचा विकसित कर चुका है। उन्होंने कहा कि हर महीने भारत में 20 अरब से अधिक यूपीआई लेनदेन हो रहे हैं, जो वैश्विक डिजिटल लेन-देन का आधे से अधिक हिस्सा है। वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी, युद्ध और ऊर्जा संकट के बीच दुनिया विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला की तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत और नीदरलैंड मिलकर 'विश्वसनीय, पारदर्शी और भविष्य-उन्मुख' आपूर्ति श्रृंखला विक. सित कर रहे हैं। उन्होंने हरित हाइड्रोजन, जल सुरक्षा और व्यापारिक सहयोग को दोनों देशों के रिश्तों का महत्वपूर्ण आधार बताया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते से भारत-नीदरलैंड साझेदारी और मजबूत होगी तथा भारतीय व्यवसायों के लिए यूरोप में प्रवेश का प्राकृतिक द्वार नीदरलैंड बनेगा।

## ट्रम्प के बाद अब पुतिन चीन की यात्रा की तैयारी में

**मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा की समाप्ति के तुरंत बाद रूस ने राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के 19 मई से दो दिन के लिए चीन जाने के कार्यक्रम की घोषणा की है। पुतिन सरकार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पुतिन 19 से 20 मई तक चीन की आधिका. रिक यात्रा पर होंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच 'व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत' बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति पुतिन चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर बैठक करेंगे। वह बीजिंग में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ आर्थिक और व्यापारिक सहयोग पर भी बात. चीत करेंगे। रूस की समाचार एजेंसी तास की एक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति पुतिन की चीन यात्रा दोनों देशों के बीच 2001 में हुई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय 'सद्भावना और मैत्रीपूर्ण सहयोग संधि' की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है।

# चीनी विदेश मंत्री ने ट्रम्प को दी कड़ी चेतावनी

## चीन-अमेरिका टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है: वांग ई



■ दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते चीन और अमेरिका एक-दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते
■ चीन और अमेरिका के बीच संबंध ) प्रबंधनीय और स्थिर होने चाहिए, न कि लगातार उतार-चढ़ाव वाले रोलर कोस्टर की तरह
■ शी और ट्रम्प के बीच लगभग नौ घंटे की बातचीत हुई

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई वार्ता के बाद चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने कहा कि चीन और अमेरिका के बीच टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी हो सकता है।

चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के अनुसार, वांग ई ने कहा कि चीन और अमेरिका के बीच टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित होगा, जबकि सहयोग से कई ऐसे महान परिणाम प्राप्त हो सकते हैं जिनसे दोनों देशों और पूरी दुनिया को लाभ होगा। मंत्री ने आगे कहा कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते चीन और अमे. रिका एक-दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते। मंत्री ने आगे कहा कि (चीन और अमेरिका के बीच संबंध) प्रबंधनीय और स्थिर होने चाहिए, न कि लगातार उतार-चढ़ाव वाले रोलर कोस्टर की तरह। चीन के शीर्ष राजनयिक ने बताया कि शी और ट्रम्प के बीच लगभग नौ घंटे की बात. चीत हुई। चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, वांग ई ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण बैठक थी, जिसमें दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने गहन चर्चा की और फलदाई परिणाम प्राप्त किए। बैठक में औपचारिक वार्ता और स्वागत भोज के साथ-साथ विचारों का आदान-प्रदान और छोटे पैमाने पर दौरे भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि 'चीन-अमेरिका संबंधों की नाव' को चलाने में शी और ट्रम्प का नेतृत्व अंतर्राष्ट्रीय स्थिति के विकास पर दूरगामी प्रभाव डालेगा। ट्रम्प ने 13-15 मई को चीन की राजकीय यात्रा की।

## ताइवान को 12 अरब अमेरिकी डॉलर के हथियारों की आपूर्ति फिलहाल स्थगित: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ताइवान को 12 अरब डॉलर मूल्य के हथियारों की आपूर्ति का मुद्दा फिलहाल रोक दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक साक्षात्कार में इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ताइवान को दी जाने वाली लगभग 12 अरब डॉलर के हथियारों की आपूर्ति फिलहाल स्थगित कर दी गई है। ट्रम्प ने इसे चीन के साथ बातचीत और सौदेबाजी के लिए एक 'बहुत अच्छा टूल' बताया है। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज से कहा कि मैं इसे रोक रहा हूं और यह चीन पर निर्भर करता है। सच कहूं तो, यह हमारे लिए बातचीत का एक बहुत अच्छा जरिया है। इसमें बहुत सारे हथियार हैं। इसमें 12 अरब अमे. रिकी डॉलर के बहुत सारे हथियार हैं। इसके साथ ही राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि चीन में उनकी बातचीत से ताइवान के प्रति अमेरिकी नीति पर कोई असर नहीं पड़ा है। ट्रम्प ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कुछ भी नहीं बदला है। उन्होंने चीन और ताइवान दोनों से तनाव कम करने की अपील करते हुए कहा कि ताइवान और चीन दोनों के लिए थोड़ा शांत रहना समझदारी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले कहा था कि उन्हें ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच मतभेदों के पूर्ण पैमाने के संघर्ष में बदलने का कोई खतरा नहीं दिखता।

## आईएमएफ के फंड से रक्षा बजट में बढ़ोतरी करेगा पाक

■ 2026-27 के लिए पाकिस्तान का रक्षा खर्च 2.665 लाख करोड़ (ट्रिलियन) पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार अगले वित्त वर्ष के बजट में रक्षा खर्च को करीब 100 अरब पाकिस्तानी रुपये बढ़ाने की योजना बना रही है। सरकार यह बजट अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा समर्थित एक सुधार कार्यक्रम के तहत तैयार कर रही है, जिसमें राजस्व में भारी बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है। डान अखबार की एक रिपोर्ट में आईएमएफ के दस्तावेजों का हवाला दिया गया है।

इसके अनुसार, साल 2026-27 के लिए पाकिस्तान का रक्षा खर्च 2.665 लाख करोड़ (ट्रिलियन) पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान है। पिछले साल यह खर्च 2.564 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएमएफ ने 2026-27 के लिए पाकिस्तान के कुल संघीय राजस्व का अनुमान 17.144 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये लगाया है, जो मौजूदा वित्त वर्ष से 2 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये से भी अधिक है। इसमें 13.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है। इसमें यह भी कहा गया है, पाकिस्तान सरकार ने संघीय और प्रांतीय सरकारों के कुल खर्च में जीडीपी के 0.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की बात कही है। यह खर्च कुल 4.227 लाख करोड़ रुपये होगा। इसके अलावा, सरकार ने जून 2027 तक सभी सरकारी भुगतानों को पूरी तरह डिजिटल बनाने का लक्ष्य रखा है। आईएमएफ के सुधारों के हिस्से के रूप में, सरकार इस साल के अंत तक भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा आशंका वाले 10 संस्थानों की पहचान करेगी। इन संस्थानों का विशेष आडिट और विश्लेषण किया जाएगा। साथ ही, राज्यों की भ्रष्टाचार विरोधी संस्थाओं को भी और ताकत दी जाएगी। सरकार ने यह भी भरोसा दिया है कि वह विशेष आर्थिक क्षेत्रों, निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्रों और विशेष टेक्नोलाजी क्षेत्रों के लिए कोई नई रियायत या प्रोत्साहन शुरू नहीं करेगी।

# ईरान के साथ युद्धविराम पाक के अनुरोध: ट्रम्प

## पाकिस्तान को वॉशिंगटन और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला बताया



■ मैं वास्तव में इसके पक्ष में नहीं होता, लेकिन हमने इसे पाक के अनुरोध को स्वीकार करते हुए किया: ट्रम्प

**एयर फोर्स वन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पश्चिम एशिया में शत्रुता को समाप्त करने के लिए राजनयिक मार्ग खोलने के उद्देश्य से ईरान के साथ किया गया युद्धविराम समझौता 'पाकिस्तान के अनुरोध पर' किया गया था।

उन्होंने पाकिस्तान को वाशिंगटन और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला बताया और यह दावा भी किया कि अन्य देशों ने भी इस युद्धविराम के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने चीन की दो दिवसीय यात्रा से लौटते समय एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बात करते हुए अपनी शंकाओं के बारे में हमेशा की तरह स्पष्ट रूप से कहा कि वे शुरू में युद्धविराम के पक्ष में नहीं थे, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अनुरोधों के कारण सहमत हुए। उन्होंने कहा कि व्यापक राजनयिक दबाव ने इस निर्णय को प्रभावित किया। ट्रम्प ने स्पष्ट किया कि अमेरिका शत्रुता में आए इस ठहराव को समझौते के रूप में नहीं, बल्कि अपने अत्यधिक शक्तिशाली होने की स्थिति से देखता है। उन्होंने दुनिया के सबसे अशांत क्षेत्रों में से एक में पाकिस्तान की राजनयिक भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमने वास्तव में अन्य देशों के अनुरोध पर युद्धविराम किया। मैं वास्तव में इसके पक्ष में नहीं होता, लेकिन हमने इसे पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार करते हुए किया। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल और प्रधानमंत्री बहुत बढ़िया हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी से ईरान पर दबाव बनाने के लिए कहा था, तो ट्रम्प ने संकेत दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के साथ अपने व्यवहार में बाहरी 'उपकारों' पर निर्भर नहीं है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने पहले ही 'मुख्य रूप से उनके सशस्त्र बलों को समाप्त कर दिया है' और संभावित आगामी कार्रवाई का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि हमें थोड़ा सफाई का काम करना पड़ सकता है क्योंकि हमारे पास महीने भर का छोटा युद्धविराम था, लेकिन हमारी नाकेबंदी इतनी प्रभावी है-यही कारण है कि हमने युद्धविराम किया। ट्रम्प ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान पर दबाव बनाने के लिए चीन से सहायता मांगने की बात को ज्यादा महत्व नहीं दिया। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि होर्मुज पर बीजिंग की ऊर्जा निर्भरता को देखते हुए वह अभी भी एक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं किसी से मदद नहीं मांग रहा हूं, क्योंकि जब आप सहायता मांगते हैं, तो आपको बदले में सहायता भी करनी पड़ती है। हमें किसी की मदद की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपि. ंग अपने देश की जरूरतों के हिंसाब से ईरान पर दबाव बना सकते हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे उनसे दबाव बनाने के लिए कह सकते हैं-मुझे लगता है कि वे ऐसा करेंगे।

## यूएई ने ईरान के खिलाफ हमलों में हाथ होने से किया इंकार

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान के उन आरोपों को साफ तौर पर खारिज कर दिया, जिसमें ईरान ने अमेरिकी हमलों के दौरान सीधे तौर पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया था। नई दिल्ली में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) के विदेश मंत्रियों की बैठक में यूएई के राज्य मंत्री खलीफा शाहीन अल मरार ने कहा कि इस तरह के आरोपों के साथ ही दबाव या गलत जानक. ारी की कोशिशों का देश के सिद्धांतों पर बनी विदेश नीति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूएई अपनी संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वतंत्र फैसले लेने को प्रतिबद्ध है और किसी भी दुश्मनी भरे काम का जवाब देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत सभी अधिकार रखता है।

# मालदीव में इटली के 5 गोताखारों की मौत

## समुद्र के नीचे गहरी गुफाओं की खोज में निकले थे, सिर्फ एक का शव मिला



**माल।** मालदीव के वावू एटोल में इटली के 5 गोताखोरों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसे देश के इतिहास का सबसे बड़ा डाइविंग हादसा बताया है। सभी डाइवर्स 50 मीटर गहराई में मौजूद गुफाओं की खोज के लिए गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अब तक सिर्फ एक शव बरामद हुआ है।

खराब मौसम और समुद्र की कठिन परिस्थितियों की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। अधिकारियों के मुताबिक बाकी चार डाइवर्स के शव अब भी गुफा के अंदर होने की आशंका है। सर्च ऑपरेशन शनिवार को फिर शुरू किया जाएगा। मालदीव सरकार ने मृतकों की पहचान मो. निका मोंटेफाल्कोने, जार्जिया सोमाकाल, फेडेरिको गुआल्तिएरी, म्यूरियल ओडेनिनो और जियानलुका बेनेडेट्टी के रूप में की है। यह टीम 'डयूक आफ यार्क' नाम की बोट से समुद्र में गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पांच में से कम से कम चार डाइवर्स इटली की यूनिवर्सिटी आफ जेनोवा से जुड़े थे। जियानलुका बेनेडेट्टी याट पर बोट आपरेशंस मैनेजर थे। उनका शव ही अब तक बरामद किया जा सका है। मोनिका मोंटेफाल्कोने मरीन बायोलाजिस्ट और यूनिवर्सिटी आफ जेनोवा में ट्रापिकल मरीन इकोलाजी और अंडरवाटर साइंस की प्रोफेसर थीं। इटली की मीडिया के मुताबिक वह मालदीव में एक आइलैंड मानिटरिंग कैंपेन की साइंटिफिक डायरेक्टर भी थीं। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी बेटी जार्जिया सोमाकाल को भी समुद्र और डाइविंग में दिलचस्पी थी। उन्होंने उसी यूनिवर्सिटी से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। 31 साल की म्यूरियल ओडेनिनो मरीन बायोलाजिस्ट और इकोलाजिस्ट थीं। उन्होंने कई वैज्ञानिक रिसर्च पेपर भी लिखे थे। वहीं, 31 साल के फेडेरिको गुआल्तिएरी ने हाल ही में मरीन बायोलाजी और इकोलाजी में डिग्री पूरी की थी। वह सर्टिफाइड स्कूबा डाइविंग इंस्ट्रक्टर भी थे।

## आईएसआई के नंबर-2 कमांडर की अमेरिकी ऑपरेशन में मौत

■ अफ्रीका में छिपा था, ट्रम्प बोले: वह दुनिया का सबसे एक्टिव आतंकी था

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आतंकी संगठन आईएसआई के दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू बिलाल अल मिनुकी के मारे जाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने नाइजीरियाई सेना के साथ मिलकर अफ्रीका में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। ट्रम्प ने कहा कि यह ऑपरेशन बहुत ही प्लानिंग के साथ और बेहद मुश्किल तरीके से अंजाम दिया गया। वह छिपा हुआ था तभी उसे निशाना बनाया गया।

उनके मुताबिक यह आतंकी दुनिया के सबसे एक्टिव आतंकियों में से एक था और उसे खत्म करने के लिए काफी समय से उस पर नजर रखी जा रही थी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उसके मारे जाने से आईएसआई के फंडिंग नेटवर्क और कमांड सिस्टम को बड़ा नुकसान हुआ है। हालांकि ऑपरेशन कहां और कब हुआ, इसकी पूरी जानक. ारी अभी सामने नहीं आई है। आईएसआई का सबसे बड़ा नेता उसका खलीफा होता है। अभी के समय में इस संगठन का प्रमुख अबू हफ्स अल हाशिमी अल कुरैशी माना जाता है। वहीं नंबर-2 अल मिनुकी को इस्लामिक स्टेट (आईएसआई) का संगठन और फंडिंग संभालने वाला दिमाग माना जाता था। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, वह अमेरिका और उसके विदेशों में मौजूद हितों पर हमलों की योजना बना रहा था।

## ओपेक से बाहर निकलना एक रणनीतिक फैसला: संयुक्त अरब अमीरात

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के ऊर्जा और बुनियादी ढांचा मंत्री सुहैल अल-मजरूई ने तेल निर्यातक देशों के संगठन 'ओपेक' और 'ओपेक प्लस' से बाहर निकलने के देश के फैसले का खुलासा किया है। मजरूई ने स्पष्ट किया कि संगठन छोड़ना यूएई का रणनीतिक विकल्प है, जो पूरी तरह से देश के राष्ट्रीय हितों और आर्थिक दृष्टिकोण पर आधारित है। सोशल मीडिया पर शनिवार को मंत्री ने उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश की, जो पिछले कुछ दिनों से फिजा में तिर रहे थे कि राजनीतिक मतभेदों की वजह से यूएई ने इन संगठनों को छोड़ा है।

# ईरान पर अगले हफ्ते दोबारा हमले की तैयारी में अमेरिका

## 50 हजार सैनिक और युद्धपोत तैनात, ट्रम्प के फैसले का इंतजार



■ अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमे. रिका अगले हफ्ते ईरान पर दोबारा सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेंटागन ने हमले के कई विकल्प तैयार किए हैं और अब अंतिम फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेना है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई बढ़ाने की योजना तैयार है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, हमले के विकल्पों में ईरान के सैन्य और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर बड़े हवाई हमले शामिल हैं। एक विकल्प अमेरिकी स्पेशल ऑपरेशन फोर्सेज को जमीन पर उतारकर इस्फहान परमाणु साइट में दबे परमाणु सामग्री यानी एनरिच्ड यूरेनियम तक पहुंचने का भी है। हालांकि अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा और इसमें भारी सैन्य नुकसान हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में 50 हजार से ज्यादा सैनिक तैनात रखे हैं। इसके अलावा दो एयरक्राफ्ट कैरियर, एक दर्जन से ज्यादा नेवी डेस्ट्रायर और बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान भी क्षेत्र में मौजूद हैं।

## अमेरिका में उत्पादन करे और अमेरिकियों को नौकरी दे चीन: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर चीन अमेरिका से टैरिफ से बचना चाहता है, तो उसे अमेरिका में कारखाने लगाने चाहिए और अमेरिकियों को नौकरी देनी चाहिए। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज से कहा कि अगर चीन यहां आकर टैरिफ से बचना चाहता है, तो यहां उत्पादन करने पर ज्यादातर अमेरिकी लोगों को ही नौकरी मिलेगी। अगर वे टैरिफ से बचना चाहते हैं, तो उन्हें अमेरिका में ही उत्पादन करना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि चीन के साथ पहले घोषित समझौते के तहत ऑर्डर किए गए बोइंग विमानों की संख्या 750 तक पहुंच सकती है। अमेरिकी नेता के अनुसार, पहले बीजिंग ने 200 बोइंग विमान खरीदने पर सहमति जताई थी, हालांकि चीन ने अभी तक इस समझौते की पुष्टि नहीं की है।

## नाइजीरिया ने भी की आईएसआईएस आतंकी अबू बिलाल की मौत की पुष्टि

**अबूजा।** नाइजीरिया-अमेरिका की सेनाओं ने संयुक्त सैन्य अभियान में खूंखार आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के वैश्विक स्तर पर दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू-बिलाल अल-मिनुकी को मार गिराया है। नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनूबू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस सफल अभियान की पुष्टि करते हुए इसे आतंकवाद के खिलाफ बड़ी उपलब्धि करार दिया है। लेक चाड बेसिन में स्थित आतंकवादी ठिकाने पर किए गए इस सटीक प्रहार में अल-मिनुकी के साथ उसके कई साथी भी मारे गए हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति टिनूबू ने इस कामयाबी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नाइजीरियाई सशस्त्र बलों ने अमेरिकी सेना के साथ मिलकर इस बेहद साहसी अभियान को अंजाम दिया है।



# विजय थलपति का नाम सुन शरमाई तृषा कृष्णन

## फैन ने कहा-थलपति से कहना कि मैंने उनका हालचाल पूछा है, एक्ट्रेस ने किया रिएक्ट

**चेन्नई।** थिएटर से बाहर निकलते समय एक फैन ने तृषा कृष्णन से विजय का जिक्र किया तो एक्ट्रेस ब्लश कर गईं। तृषा चेन्नई में अपनी नई रिलीज फिल्म करुप्पु की स्क्रीनिंग में पहुंचीं। इस दौरान डायरेक्टर आरजे बालाजी और एक्टर कार्थी भी मौजूद थे। थिएटर से बाहर निकलते समय तृषा अपनी कार में बैठी थीं। उन्होंने ब्लैक टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी। इसी दौरान एक फैन ने कहा कि थलपति से कहना कि मैंने उनका हालचाल पूछा है। इस पर तृषा ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, कंदीपा जरूर। फिर उन्होंने सिर नीचे कर लिया। इसके बाद वह फोन चलाती नजर आती हैं। बाद में तृषा वहां मौजूद फैंस की तरफ हाथ हिलाकर उनका अभिवादन भी करती दिखीं। तृषा की फिल्म करुप्पु सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज हुई। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से तृषा को एक्टर और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के साथ लिंक किया जा रहा है। हालांकि, विजय और तृषा ने अब तक अपने रिश्ते को लेकर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दिया है। हाल ही में सीएम विजय के एक फैसले की भी काफी चर्चा हुई, जिसमें उन्होंने तृषा की फिल्म करुप्पु के लिए सुबह 9 बजे के मार्निंग शो (स्पेशल स्क्रीनिंग) की विशेष अनुमति दी। बता दें कि मार्निंग शो पर राज्य में पिछले 3 सालों से प्रतिबंध लगा हुआ था। इससे पहले 10 मई को तृषा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में विजय के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुईं। शपथ ग्रहण समारोह में तृषा ने विजय के परिवार से मुलाकात की और उनकी मां से गले मिलीं। वहीं, 4 मई को चुनाव परिणाम के दिन तृषा विजय के नीलांकरई स्थित घर भी पहुंची थीं। खास बात यह रही कि उसी दिन तृषा का 43वां जन्मदिन भी था। पर्सनल लाइफ की बात करें तो तृषा की 2015 में बिजनेस मैन वरुण मनियन से सगाई हुई थी, लेकिन बाद में दोनों अलग हो गए थे। वहीं, विजय ने 1999 में संगीता सोरना. लिंगम से शादी की थी। इस शादी से दोनों के दो बच्चे जेसन संजय और दिव्या साशा हुए। वहीं, विजय और संगीता के तलाक का मामला अदालत में चल रहा है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, संगीता ने अपनी तलाक याचिका में पति विजय पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया था। कि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया था।

# कान्स में गूंजा लालो का नाम, गुजराती सिनेमा ने रचा नया इतिहास



**मुंबई।** ब्लॉकबस्टर गुजराती फिल्म लालो ने कान्स में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। फिल्म की टीम ने दुनिया के सबसे बड़े सिनेमाई मंचों में से एक पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए गुजराती सिनेमा को नई पहचान दिलाई है। लालो कान्स तक पहुंचने वाली उन शुरुआती गुजराती फिल्मों में शामिल हो गई है, जिसने क्षेत्रीय कहानियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का काम किया है।यह उपलब्धि भारतीय सिनेमा, मिट्टी से जुड़ी सच्ची कहानियों और देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाली कहानियों को दुनिया भर में मिल रही पहचान का उत्सव है। फिल्म की टीम ने दर्शकों के लगातार प्यार और समर्थन के लिए आभार जताया, जिसकी वजह से यह खास सफर संभव हो सका।

निर्देशक अंकित साखिया ने कहा, लालो- श्री कृष्ण सदा सहायते का कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रतिनिधित्व करना हमारे लिए गर्व और बेहद भावुक कर देने वाला पल है। हमारा मानना है कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति और इस फिल्म ने ही हमें यहां तक पहुंचाया है।

# प्रीति जिंटा की बातों से प्रभावित हैं सोनम बाजवा, अभिनेत्री की तारीफ की





**मुंबई।** एक्ट्रेस सोनम बाजवा अपनी नई पंजाबी फिल्म शपिट सियापाश को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उन्होंने आईपीएल सीजन के दौरान टीम पंजाब किंग्स को सपोर्ट किया है। उन्होंने टीम की को-ओनर प्रीति जिंटा से हुई मुलाकात के बारे में बात की है और तारीफ की है। सोनम बाजवा को आईपीएल 2026 के कई मैचों में पंजाब किंग्स के लिए चीयर करते देखा गया है। सोनम बाजवा ने प्रीति जिंटा को लेकर अपने विचार साझा किए। प्रीति के बारे में बात करते हुए, सोनम ने का श्वह उन सबसे खूबसूरत और हसीन महिलाओं में से एक हैं जिन्हें मैंने कभी देखा है। मैंने उनकी पहली फिल्म से ही उन्हें फालो किया है।

एक एक्ट्रेस के तौर पर उनका सफर देखा है। अब, मैं एक एंटरप्रेन्योर के तौर पर भी उनका सफर देख रही हूं। वह आईपीएल टीम को लीड कर रही हैं। यह सचमुच प्रेरणादायक है। एक्ट्रेस ने कहा श्मैं कल ही किसी से बात कर रही थी कि प्रीति का एक्टिंग करियर कितना शानदार रहा है। सही समय पर, उन्होंने इस आईपीएल टीम में निवेश किया और यह टीम कमाल कर रही है। सोनम ने टूर्नामेंट के बाकी मैचों के लिए पंजाब किंग्स को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा उनकी टीम काफी अच्छा कर रही है। पंजाब की टीम भी काफी अच्छा कर रही है। इसलिए, मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं।

प्रीति जिंटा की टीम पंजाब किंग्स को हाल ही में मुंबई इंडियंस के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसे मिलाकर टीम की यह पांचवी हार है। आईपीएल 2026 सीजन की शानदार शुरुआत करते हुए टीम अब 12 मैचों में 13 अंकों के साथ पाइंट्स टेबल पर चौथे स्थान पर है। प्लेआफ में पहुंचने के लिए पंजाब किंग्स को अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे।

# पुष्कर जोग ने कान्स डेब्यू में सभी का दिल जीता

**मुंबई।** अभिनेता पुष्कर जोग ने प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में अपना दमदार डेब्यू किया और अपनी मौजूदगी से सबका दिल जीत लिया। पुष्कर जोग ने इस ग्लोबल मंच पर महाराष्ट्र का शानदार प्रतिनिधित्व किया। कान्स में दुनिया भर के बड़े-बड़े सितारे और नामी चेहरे मौजूद थे। इस इंटरनेशनल चमक-दमक के बीच पुष्कर जोग ने अपनी अलग पहचान बनाई और मराठी सिनेमा के लिए एक खास पल दर्ज किया। पहली बार आइकॉनिक रेड कार्पेट पर उतरते ही पुष्कर ने अपने सिपल लेकिन स्टाइलिश लुक से सबको इंप्रेस कर दिया। उनका कॉन्फिडेंट अंदाज, लोगों से गर्मजोशी भरी मुलाकातें और चेहरे पर साफ दिखती खुशी ने उन्हें फेस्टिवल के यादगार इंडियन चेहरों में शामिल कर दिया। अपना अनुभव शेयर करते हुए पुष्कर ने कहा, पहली बार कान्स रेड कार्पेट पर चलना सच में किसी सपने जैसा है।

# अक्षय की वेलकम टू द जंगल का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार के अल्ट्रा-स्टाइलिश पोस्टर के बाद अब टीजर ने भी फिल्म के मजेदार माहौल की झलक दे दी है, जिसे देखकर फैंस अक्षय कुमार को एक बार फिर उनके सबसे पसंदीदा कॉमेडी अवतार में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। वेलकम टू द जंगल पूरी तरह से कॉमेडी और अफरा-तफरी से भरी एक ऐसी दुनिया है, जहां हर मोड़ पर हंसी का धमाका होने वाला है। ज्यादा स्टार्स, ज्यादा कन्फ्यूजन, ज्यादा कॉमेडी और नॉन-स्टॉप एंटरटेनमेंट के साथ यह फिल्म दर्शकों को इंटेंस सिनेमा से एक मजेदार ब्रेक देने का वादा करती है। क्लासिक कॉमिक टाइमिग और साफ-सुथरे पारिवारिक मनोरंजन का वही पुराना चार्म इस फिल्म में फिर से देखने को मिलेगा। फिल्म में कलाकारों की एक शानदार टोली नजर आएगी, जिसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ,




परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विंदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला, हेमंत पांडे, बृजेंद्र काला, फिरोज खान (अर्जुन), स्वर्गीय पंकज धीर जी, पुनीत इस्सर, सुदेश बेरी, जीतू वर्मा, वृहि कोडवारा, आदित्या सिंह और भाग्य भानुशाली शामिल हैं।

RECRUITMENT 2026
THE S.D. DEGREE COLLEGE
NIRANA, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR, 251001
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, SAHARANPUR)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR FACULTY POSITIONS
(Asst. Professor, Assoc. Professor & Professor)
DISCIPLINES
- BBA, BCA, B.Com. B.Sc. (PCM,CBZ, Micro Biology)
- BA (Hindi, English, Political Science, Sociology, History, Educaton, Drawing & Painting
QUALIFICATION UGC NET, Ph.D
SALARY As Per University Norms
APPLY WITHIN 15 DAYS
SEND YOUR RESUME TO:
thesddegree@gmail.com
Attach copies of all degrees and testimonials.
Paste a colored photograph on the CV.

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108